सुविचार
तुम अपने मिनटों का ध्यान रखो, घंटे अपनी परवाह खुद कर लेंगे।
अर्ल ऑफ चेस्टरफील्ड

दैनिक
# रेवांचल टाइम्स
निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

■ वर्ष 2 ■ अंक 287 ■ जबलपुर, सोमवार 13 अक्टूबर 2025 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य, 01 रुपये ■ RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965

BJP-101, JDU- 101, चिराग को 29, उपेंद्र कुशवाहा-मांझी को 6-6 सीटें

# बिहार में N D A ने किया सीट शेयरिंग का ऐलान

**पटना। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर N D A ने रविवार को सीट शेयरिंग की घोषणा कर दी है। बीजेपी 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, वहीं जदयू 101 सीटों पर लड़ने जा रही है। जबकि चिराग पासवान की पार्टी LJP (R) 29 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (ऌअट) को 6 और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी R L M को 6 सीटें दी गई हैं। सीट शेयरिंग के बाद ठऊअ ने कल यानी सोमवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। सीट शेयरिंग में चिराग की जिद के आगे से पहले 40 सीटों की डिमांड करने वाले जीतन राम मांझी ने 6 सीटें मिलने पर कहा- मैं संतुष्ट हूं। हालांकि इसके बाद मांझी ने तीखे तेवर दिखाए हैं। उन्होंने कहा, 'आलाकमान ने जो फैसला लिया है वो स्वीकार है। हमें सिर्फ 6 सीट देकर उन्होंने हमारी अहमियत कम आंकी है। इसका असर ठऊअ पर पड़ सकता है।' मांझी की पार्टी ने 4 सीटों पर कैंडिडेट्स का भी ऐलान कर दिया है। इमामगंज से दीपा मांझी, बराचट्टी से ज्योति देवी, टेकारी से अनिल कुमार और सिकंदरा से प्रफुल्ल कुमार मांझी को टिकट दिया गया है।**

## बीजेपी-जदयू अब बराबर के भाई

2005 से लेकर पिछले विधानसभा चुनाव तक खऊ ने हमेशा बीजेपी से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ा है। खऊ पिछले 4 चुनाव में हमेशा बड़े भाई की भूमिका में रहता था। 2020 में ही जदयू 115 और बीजेपी 110 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, लेकिन 2025 विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियां 101-101 सीटों पर लड़ेंगी। अब दोनों बराबर वाले भाई हो गए हैं। **मांझी बोले- इसका असर ठऊअ पर पड़ सकता है-** सीट शेयरिंग के बाद मांझी ने तीखे तेवर दिखाए हैं। उन्होंने कहा, 'आलाकमान ने जो फैसला लिया है वो स्वीकार है। हमें सिर्फ 6 सीट देकर उन्होंने हमारी अहमियत कम आंकी है। इसका असर ठऊअ पर पड़ सकता है।

## मांझी ने 4 कैंडिडेट्स का ऐलान किया

मांझी की पार्टी ने 4 सीटों पर कैंडिडेट्स का भी ऐलान कर दिया है। इमामगंज से दीपा मांझी, बराचट्टी से ज्योति देवी, टेकारी से अनिल कुमार और सिकंदरा से प्रफुल्ल कुमार मांझी को टिकट दिया गया है।




## चिराग पासवान के खाते की 29 सीटें

चिराग पासवान बखरी, साहिबपुर कमाल, तारापुर, रोसड़ा, राजा पाकड़, लालगंज, हायघाट, गायघाट, एकमा, मढ़ौरा, अगिआंव, ओबरा, अरवल, गया, हिसुआ, फतुहा, दानापुर, ब्रह्मपुर, राजगीर, कदवा, सोनबरसा, बलीरामपुर, हिसुआ, गोविंदपुर, सिमरी बख्तियारपुर, मखदूमपुर, कसबा, सुगौली, मोरवा से चुनाव लड़ेंगे। **शकील अहमद बोले- हम कल सीट शेयरिंग कर देंगे-** कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने कहा कि ठऊअ की सीट शेयरिंग हो गई है। हमारी भी कल तक हो जाएगी। हमारे गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर कोई दिक्कत नहीं है। वहीं, मुकेश सहनी के बयान पर कहा कि हर इंसान को अपनी बात कहने की आजादी है। कल हमारी सीट शेयरिंग हो जाएगी, इसलिए हम दिल्ली जा रहे हैं।

## 2020 में तीसरे मोर्चे पर लड़े कुशवाहा अब N D A के साथ

2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (RLSP), ने 99 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे, लेकिन पार्टी को कोई सीट नहीं मिली। रालोसपा ने 2020 के चुनाव में महागठबंधन (जो राजद और कांग्रेस के साथ था) को छोड़कर ग्रैंड डेमोक्रेटिक सेक्युलर फ्रंट (GDSF) बनाया था, जिसमें बहुजन समाज पार्टी (बसपा), समाजवादी जनता दल डेमोक्रेटिक (सजदद), और अन्य छोटी पार्टियां शामिल थीं। इस बार कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा ठऊअ का हिस्सा हैं।

## 2020 में N D A के साथी सहनी अब महागठबंधन में

2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (VIP) ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (N D A) के हिस्सा थी। पार्टी ने 11 सीटों पर चुनाव लड़ा था। श्क्ढ को बीजेपी ने अपनी 121 सीटों के कोटे में से 11 सीटें दी थीं। इन 11 सीटों में से वीआईपी ने 4 सीटों पर जीत हासिल की थी। मुकेश सहनी खुद सिमरी बख्तियारपुर सीट से चुनाव लड़े थे, लेकिन वे हार गए थे। बाद में वीआईपी के चारों विधायक बीजेपी में शामिल हो गए। इस बार श्क्ढ महागठबंधन का हिस्सा है। मुकेश सहनी कई बार खुद को डिप्टी उट का दावेदार बता चुके हैं।

## 2020 में मांझी की पार्टी 7 सीटों पर लड़ी थी

2020 बिहार विधानसभा चुनाव में जीतन राम मांझी की पार्टी, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) (ऌअट), ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (N D A) के हिस्से के रूप में 7 सीटों पर चुनाव लड़ा था। ये सीटें खऊ के कोटे से दी गई थीं, क्योंकि ऌअट ठऊअ का एक छोटा सहयोगी दल था। ऌअट ने इन 7 सीटों में से 4 सीटें जीती थीं, जो मुख्य रूप से मांझी की मुसहर (महादलित) समुदाय में पकड़ और गया, औरंगाबाद, नवादा, जहानाबाद, और रोहतास जैसे क्षेत्रों में उनके प्रभाव के कारण थी। मांझी ने N D A के साथ गठबंधन में रहते हुए नीतीश कुमार की सरकार को समर्थन दिया, और उनकी पार्टी की चार सीटों ने N D A की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2015 में H A M ने N D A के साथ 21 सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन केवल 1 सीट (मांझी की) जीती थी।

# ममता बोलीं- लड़कियों को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से गैंगरेप की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए। खासकर सुनसान इलाकों में सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहाझ इस घटना की पूरी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की है। निजी कॉलेजों को छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पुलिस को कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। किसी को बख्शा नहीं जाएगा, तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। दरअसल, दुर्गापुर रेप केस पर भाजपा और अन्य विरोधी पार्टियां ममता सरकार पर सवाल उठा रही हैं। ओडिशा के सीएम ने भी बंगाल की सीएम से सख्त कार्रवाई करने की मांग की जिसके बाद ममता बनर्जी ने यह बयान दिया है। पश्चिम बंगाल की प्रदेश सचिव और आसनसोल दक्षिण से विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि हम बड़े भाग्यशाली हैं कि अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार है और बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार है। पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल स्टूडेंट के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया था। वारदात शुक्रवार की है। पीड़ित अपने एक पुरुष दोस्त के साथ डिनर पर गई थी। वापस लौटते समय 3 लोगों ने उनका रास्ता रोका।

# अफगान विदेशमंत्री की प्रेस-कॉन्फ्रेंस महिला पत्रकार पहली लाइन में बैठीं

मुत्तकी बोले- पिछली बार समय कम था, इसलिए सबको नहीं बुलाया



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने रविवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें महिला पत्रकारों को भी बुलाया गया। प्रेस-कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकार पहली लाइन में बैठीं थीं। इससे पहले शुक्रवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को नहीं बुलाया गया था। इस पर विवाद भी खड़ा हो गया था। मुत्तकी ने पिछली बार महिला पत्रकारों को न बुलाने पर सफाई भी दी। उन्होंने बताया- यह सिर्फ तकनीकी कारणों से हुआ था। पिछली बार पत्रकारों की छोटी लिस्ट तैयार की गई थी, क्योंकि समय कम था। इसके अलावा कोई दूसरा इरादा नहीं था।

**मुत्तकी की प्रेस कॉन्फ्रेंस की 5 अहम बातें...**

**1. महिलाओं की शिक्षा पर-** मुत्तकी ने कहा कि उनके देश में कुल 1 करोड़ विद्यार्थी स्कूल और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ रहे हैं, जिनमें 28 लाख महिलाएं और लड़कियां शामिल हैं। धार्मिक मदरसों में भी यह शिक्षा ग्रेजुएशन लेवल तक है। कुछ क्षेत्रों में सीमाएं हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वे शिक्षा के खिलाफ हैं। महिलाओं की शिक्षा को धार्मिक रूप से हराम घोषित नहीं किया गया है, बल्कि इसे अभी दूसरी व्यवस्था तक स्थगित किया गया है।

**2. भारतीय दूतावास को फिर से खोलने पर-** मुत्तकी ने भारत के विदेश मंत्री से मुलाकात की और अर्थव्यवस्था, व्यापार और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान भारत के विदेश मंत्री ने घोषणा की कि भारत काबुल में अपने मिशन को एम्बेसी में अपग्रेड करेगा और काबुल के डिप्लोमैट्स जल्द ही नई दिल्ली आएंगे।

**3. भारत के साथ व्यापार, उड़ान और निवेश पर-** बैठक के दौरान भारत के विदेश मंत्री ने काबुल और दिल्ली के बीच उड़ानों की संख्या बढ़ाने की घोषणा की। इसके अलावा दोनों पक्षों ने व्यापार और अर्थव्यवस्था पर समझौता किया। अफगानिस्तान ने भारत को विशेष रूप से खनिज, कृषि और खेल क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया। बैठक में चाबहार बंदरगाह पर भी चर्चा हुई। अफगानिस्तान ने वाघा बॉर्डर को खोलने का अनुरोध किया, जो भारत और अफगानिस्तान के बीच सबसे तेज और आसान व्यापार रास्ता है। **4. भारतीय पत्रकार की मौत पर दुख जताया-** मुत्तकी ने 2021 में अफगानिस्तान में मारे गए भारतीय पत्रकार दानिश सिद्दीकी की मौत पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि पिछले चार साल में अफगानिस्तान में कोई पत्रकार घायल नहीं हुआ। हमें हर मौत का दुख है। उन्होंने कहा कि 40 साल तक सोवियत, अमेरिका और नाटो ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया, लेकिन अब देश आजाद है और अपने दम पर खड़ा है। अफगानिस्तान में कोई समस्या नहीं है और वहां सब कुछ ठीक है।

**5. पाकिस्तानी लोगों से दिक्कत नहीं, पर कुछ लोग परेशानी पैदा कर रहे-** पाकिस्तान के सवालों पर मुत्तकी ने उर्दू में जवाब दिया। उन्होंने कहा- पाकिस्तान की जनता से हमारी कोई दुश्मनी नहीं है, लेकिन कुछ लोग परेशानी पैदा करते हैं। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की शरारत के जवाब में अफगानिस्तान ने एक ऑपरेशन शुरू किया था, जिसे कतर और सऊदी अरब की मदद से रोक दिया गया।

# कंपनियों की दवा लिखने के बदले डॉक्टरों को विदेश टूर

**भोपाल।** छिंदवाड़ा में जानलेवा कफ सिरप कोल्ड्रिफ पीने से 25 बच्चों की मौत हो गई। श्रीसन फार्मा की इस दवा को परासिया के डॉक्टर प्रवीण सोनी पिछले 10 सालों से प्रिस्क्राइब कर रहे थे। दवा कंपनी और डॉ. प्रवीण सोनी के बीच एक अघोषित करार था, हालांकि भास्कर से बातचीत में डॉ. सोनी ने ऐसी किसी बात से इनकार किया था। दवा कंपनियों और डॉक्टरों के बीच गठजोड़ की ये केवल एक बानगी है। एक ऐसा ही चौंकाने वाला मामला 10 साल से मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल की फाइलों में धूल फांक रहा है, जिसमें प्रदेश के 14 जिलों के 20 बड़े और प्रतिष्ठित प्राइवेट डॉक्टर एक फार्मा कंपनी के खर्च पर सपरिवार इटली की सैर कर आए थे। इसके एवज में इन डॉक्टरों ने इस कंपनी की दवाएं मरीजों को प्रिस्क्राइब की थी। इस मामले की शिकायत 10 साल पहले हुई थी, लेकिन मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल की सुस्ती और लापरवाही का आलम यह है कि वह आज भी इन डॉक्टरों को पत्र लिखकर यात्रा की टिकट और बैंक डिटेल मांग रही है। जबकि नियमों के मुताबिक, काउंसिल को किसी भी शिकायत का निपटारा अधिकतम 6 महीने के भीतर कर देना चाहिए। 10 साल की लंबी नींद के बाद जब शिकायतकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की चेतावनी दी, तब जाकर काउंसिल ने सख्ती दिखाते हुए 30 सितंबर को इन डॉक्टरों को नोटिस भेजकर पूछा है कि उनके खिलाफ एक्शन क्यों न लिया जाए?

# समान काम-समान वेतन की मांग पर भोपाल में प्रदर्शन

## आंबेडकर पार्क में जुटे आउटसोर्स कर्मचारी, बोले- सरकार को आउटसोर्स कंपनियों से खास प्रेम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के बैंक मित्र, पंचायत चौकीदार, पंप ऑपरेटर, अंशकालीन भृत्य, राजस्व सर्वेयर, आउटसोर्स और अस्थायी कर्मचारी रविवार को भोपाल में एक मंच पर जुटे। सभी संगठनों ने मिलकर तुलसी नगर स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में प्रदर्शन किया। आल डिपार्टमेंट आउटसोर्स, अस्थायी, अंशकालीन, ग्राम पंचायत कर्मचारी संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के बैनर तले हो रहे इस आंदोलन को ह्यमहाक्रांति रैलीह्व नाम दिया है। संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने कहा, यह आंदोलन किसी एक वर्ग का नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के उन कर्मचारियों की साझा आवाज है जो वर्षों से अस्थिर रोजगार और आर्थिक अन्याय झेल रहे हैं। सरकार को यह समझना होगा कि कर्मचारियों की मेहनत और निष्ठा का सम्मान ही सुशासन की पहचान है। हम केवल वादे नहीं, अपने अधिकार की गारंटी चाहते हैं। उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश में पूरा



सरकारी सेक्टर अब ठेकेदारों और आउटसोर्स कंपनियों के हवाले कर दिया गया है। सरकारी व्यवस्थाएं स्थायी कर्मचारियों के बजाय अस्थायी आउटसोर्स कर्मचारियों से चलाई जा रही हैं। क्लास 3 और क्लास 4 जैसे पद, जिन पर सबसे ज्यादा सरकारी नौकरियां होती थीं, अब सभी आउटसोर्स कर दिए गए हैं। बैंक सेवा केंद्रों में भी निजी कंपनियां काम कर रही हैं। पंचायतों में जो चौकीदार तैनात हैं, उन्हें मात्र तीन हजार रुपए प्रतिमाह वेतन मिलता है। इसी तरह सीएम राइज स्कूलों, वल्लभ भवन और सतपुड़ा भवन जैसी प्रमुख जगहों पर भी सभी नियुक्तियां आउटसोर्स के जरिए की जा रही हैं। वासुदेव शर्मा ने कहा कि सरकार को ठेकेदारों और आउटसोर्स कंपनियों से खास प्रेम है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार, सभी कर्मचारियों को समान कार्य के लिए समान वेतन मिलना चाहिए। मध्यप्रदेश में न्यूनतम वेतन देश में सबसे कम है।

तकनीकी समस्याओं के कारण अतिथि शिक्षक ई अटेंडेंस नहीं लगा पाए

# ऑनलाइन हाजिरी में गड़बड़ी के कारण तीन महीने से अतिथि शिक्षकों को नही मिला मानदेय

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को हमारे शिक्षक एप से ऑनलाइन हाजिरी लगाना अनिवार्य है। हालांकि इसमें अतिथि शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी में आगे हैं। मध्य प्रदेश के 80 फीसद अतिथि शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी लगा रहे हैं। इसके बावजूद भी तीन माह से अतिथि शिक्षकों को मानदेय नहीं मिला। इसका कारण यह है कि ऑनलाइन हाजिरी में आ रही तकनीकी समस्या आ रही है। इसका खामियाजा अतिथि शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है। विगत तीन माह से इन्हें मानदेय का भुगतान नहीं हो सका है। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि नेटवर्क और अन्य तकनीकी समस्याओं के कारण अतिथि शिक्षक स्कूल में समय पर उपस्थित नहीं लगा पा रहे हैं। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग का आदेश है कि ऑनलाइन हाजिरी के आधार पर ही अतिथि शिक्षकों को माह में उपस्थिति का



ऑनलाइन बिल जनरेट होगा।

**ई-अटेंडेंस नहीं लगा पाए-** अब ई-उपस्थिति नहीं होने से पोर्टल पर मानदेय का भुगतान नहीं हो पा रहा है। अतिथि शिक्षक स्कूल में उपस्थित रहें हैं, इसका उपस्थित पंजी में विधिवत हस्ताक्षर हैं, लेकिन नेटवर्क और तकनीकी समस्याओं के कारण अतिथि शिक्षक ई-अटेंडेंस नहीं लगा पाए। शासकीय शिक्षक संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र कौशल ने स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अतिथि शिक्षकों के लंबित वेतन भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि अतिथि शिक्षकों को विगत तीन माह के मानदेय का भुगतान उपस्थिति पंजी के आधार पर किया जाए। जिससे अतिथि शिक्षक दीपावली का त्योहार मना सके और अन्य आर्थिक समस्याओं से निजात पा सके।




नकाब पहनाकर लाया गया कोर्ट; पुलिस पिटाई से पहले उदित का डांस वीडियो आया सामने

# डीएसपी के साले को पीटने वाले पुलिसवालों को जेल भेजा



**भोपाल।** भोपाल में डीएसपी के साले और सॉफ्टवेयर इंजीनियर उदित गायकी (20) को पीटने वाले दोनों पुलिस आरक्षक संतोष बामनिया और सौरभ आर्य को रविवार को जेल भेज दिया गया है। इससे पहले दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस इन्हें नकाब पहनाकर कोर्ट लाई थी और नकाब में ही वापस ले गई। बता दें कि दोनों आरोपी पुलिसकर्मियों को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया गया था। शनिवार को ही दोनों पर हत्या का केस भी दर्ज किया गया था। बता दें कि गुरुवार रात को पिपलानी थाने में पदस्थ आरक्षक संतोष बामनिया और सौरभ आर्य ने उदित की डंडे से पिटाई की थी। इसका वीडियो भी सामने आया था। पिटाई के बाद उदित बेहोशी की हालत में पहुंच गया था। उसके दोस्त उसे एम्स लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। उदित के शरीर पर 16 जगहों पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। अगले दिन शुक्रवार की सुबह उदित की मौत हो गई थी। शुक्रवार को दोनों आरक्षकों को सस्पेंड भी कर दिया गया था। शनिवार को आई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में उदित की मौत की वजह बेरहमी से पिटाई होना बताई गई। रिपोर्ट में मौत की वजह ट्रॉमा अटैक और पेनक्रियाज डैमेज बताया गया।

**एफआईआर से पिटाई की बात ही गायब-** इस मामले में पिपलानी थाने में दर्ज एफआईआर से पुलिसकर्मियों द्वारा पिटाई की बात गायब है। एफआईआर के अनुसार, कॉन्स्टेबल संतोष बामनिया और सौरभ आर्य ने बताया कि रात डेढ़ से दो बजे के बीच इंद्रपुरी में लाल कार संदिग्ध हालत में खड़ी थी। उसमें दो लड़के बैठे थे, एक बाहर खड़ा था। तीनों नशे में थे। पुलिस ने उन लड़कों से वहां खड़े होने का कारण पूछा, फिर वहां से जाने को कहा। कॉन्स्टेबल संतोष बामनिया ने बताया कि कार में बैठे एक लड़के ने बदतमीजी की। बाहर खड़ा लड़का भागा, जिसके पीछे सौरभ दौड़ा। लड़का एक गाड़ी से टकराकर गिर गया। उसने गाली दी। वर्दी उतरवाने की धमकी दी। सौरभ ने बताया कि मामला शांत करने की कोशिश में लड़के की टी-शर्ट फट गई। लड़का झगड़ा कर रहा था इसलिए हल्का बल प्रयोग किया। फिर उसे दोस्तों के हवाले कर गए। सुबह मौत की सूचना मिली।

**FIR में जिक्र, आरक्षक संतोष ने उदित को डंडे मारे-** उदित की हत्या की FIR में जिक्र है कि घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। इसमें अलग-अलग घटनाक्रम दिखे हैं। एक घटनाक्रम में आरक्षक संतोष उदित को डंडे से पीटता हुआ दिख रहा है। वहीं FIR में उल्लेख है कि मृतक के दोस्त दीपेश ने बताया कि हम सीहोर से भोपाल आए तब रास्ते में बियर पी थी। अमन सरिया के पास अन्य दोस्तों को एकत्र होने का कहा था। देर रात इंद्रपुरी पहुंचे, यहां पहले से दोस्त इकट्ठे थे। भोपाल आने से पहले रास्ते में बियर पी थी। यहां आने के बाद भी दोस्तों के साथ बियर पी थी। अपनी लाल रंग की आई-10 कार में तेज आवाज में गाने बजाए। यहां मस्ती कर रहे थे। तभी अचानक दो पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। जिसे देखकर उदित भागा। पुलिसकर्मी ने उसका पीछा किया, तब हमने आगे जाकर देखा, अक्षत ने उदित को अपनी कार में बैठाया और वहां से ले गया। उदित को घबराहट हो रही थी। कार का ऐसी तेज किया, हथाईखेड़ा तरफ गए। वहां से आनंद नगर तिराहा पर पहुंचे। उदित की तबीयत ज्यादा बिगड़ चुकी थी, तब उसे सांई अस्पताल ले गए। सांई अस्पताल से उसे एम्स ले जाने की सलाह दी गई। उदित कुछ बोल नहीं रहा था। एम्स में पहुंचे तो उसे मृत घोषित कर दिया गया। तब उदित के परिजन को कॉल कर सूचना दी। हालांकि मृतक के परिजन का आरोप है कि पुलिस ने दबाव डालकर उदित के दोस्तों से इस तरह के बयान दर्ज कराए हैं। दोस्तों के हवाले से लिखे घटनाक्रम में जान बूझ कर मारपीट और अभद्रता की बात उल्लेख नहीं कराई गई। जिससे आरोपी पुलिसकर्मियों को आगे राहत मिल सके।



कबाड़ की आड़ में चोरी के समान की अवैध खरीदी, रायपुर से ट्रकों के जरिए आ रहा संदिग्ध माल कबाड़ी हो रहे मालामाल

# अंजनिया चौकी की शह पर फल फूल रहा है कबाड़ का गोरखधंधा





**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। जिला मुख्यालय से महज 20 किलो मीटर और नेशनल हाइवे तीस से लगे हुए ग्राम अंजनिया क्षेत्र में लंबे समय से अबैध कबाड़ व्यवसायी के द्वारा कबाड़ के की आड़ में चोरी का माल खरीद फरोस करने की जानकारी प्राप्त हो रही है और जानकारी के अनुसार अंजनिया निवासी द्वारा वर्षो से केवल दिखावे के लिए कबाड़ का कार्य किया जा रहा है बल्कि कबाड़ की आड़ में छत्तीसगढ़ से ट्रकों में आने वाले लोहा को ट्रक ड्राइवर से साठगांठ कर ट्रक में लोड लोहा सीमेंट पाइप अन्य तरह तरह की सामग्री सस्ते दामो में लेकर उन्हें फिर महंगे महंगे दामो में बाजार के साथ साथ लोगो को बेचा जा रहा है इनके द्वारा अबैध खरीदी के साथ साथ जी एस टी की चोरी भी की जा रही है और यह सब स्थानीय पुलिस चौकी को सब जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार पुलिस विभाग अनेदखी कर रहा है कही न कही इसके पीछे का भी कुछ न कुछ रहस्य छुपा हुआ हैं, जहाँ पर अवैध रूप से चोरी के समान की खरीद बिक्री का धंधा विगत कई वर्षों से लगातार जारी है।**

वह बिना स्थानीय संरक्षण से फल फूल नही सकता है विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी के अनुसार, बल्लू झरिया और राजा झरिया कबाड़ की दुकान के नाम पर रायपुर से आने वाले ट्रकों से सस्ती दरों पर लोहे के समान पाईप कांटेदार तार जाली एंजल पट्टी सरिया व अन्य सामग्री की खरीदी कर अपनी निजी दुकान में रखकर स्थानीय खरीदारों और व्यवसायियों को बेच रहा है।न तो इसके पास वैध बिल होते हैं और न ही इन सामानों की खरीदी के स्पष्ट स्त्रोत ट्रकों को देर रात या सुबह-सुबह अपनी दुकान पर बुलवाता है, जहाँ चुपचाप माल उतारा जाता है और बिना किसी वैध दस्तावेज के स्टोर में जमा कर दिया जाता है।दीपावली त्यौहार के समय चोरी के समान की खरीदी जोरो पर है।

## लोगों को बेचा जा रहा चोरी का सामान

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि यह कबाड़ी चोरी का लोहा और अन्य सामग्री स्थानीय ग्राहक/संस्था को बाजार से सस्ते दामों पर बेच रहा है। इससे इस बात की आशंका और भी गहरी हो जाती है कि यह पूरा नेटवर्क संगठित है और एक सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा है। व्यापारिक दृष्टिकोण से यह कृत्य न केवल अवैध है, बल्कि ईमानदार व्यवसायियों के लिए नुकसानदायक सिद्ध हो रहा है।कम दामो में मिलने के कारण अन्य लोहे का व्यापार करने वाले दुकानदारों की बिक्री न के बराबर है इस अवैध कारोबार के जरिए राज्य सरकार को जीएसटी और अन्य करों के रूप में भी राजस्व की हानि हो रही है। बिना बिल और उचित दस्तावेजों के सामग्री की खरीद-फरोख्त सीधे तौर पर कर चोरी की श्रेणी में आती है। वहीं दूसरी ओर, चोरी के माल को खरीदना और बेचना भारतीय दंड संहिता के तहत दंडनीय अपराध है।, यदि ट्रक के चालकों और दुकानदार से पूछताछ की जाए और माल का स्त्रोत खंगाला जाए तो इस नेटवर्क का बड़ा खुलासा हो सकता है। ट्रकों के नंबर और उउळश फुटेज से भी पुष्टि हो सकती है कि इन ट्रकों में माल कहाँ से लाया जा रहा है। इस घटनाक्रम से क्षेत्र के नागरिकों में चिंता की लहर है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में इस प्रकार की अवैध गतिविधियाँ कानून-व्यवस्था को चुनौती दे रही हैं और अपराध को बढ़ावा दे सकती हैं।इस पूरे मामले की गहन जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। एक स्थानीय निवासी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, "हमने कई बार देखा है कि रात को ट्रक आते हैं और कुछ लोग जल्दी-जल्दी सामान उतारते हैं। अब जब पता चला कि यह चोरी का लोहा हो सकता है,कहीं इसके पीछे बड़ा गिरोह का हाथ है, GST और बिलिंग रिकॉर्ड की जाँच की जाए साथ ही संबंधित संस्थानों से भी पूछताछ की जाए कि वह बिना वैध स्त्रोतों के माल क्यों खरीद रहे हैं। भारतीय दंड संहिता की धारा 411 के तहत चोरी की संपत्ति की खरीद बिक्री अपराध की श्रेणी में आता है। साथ ही GST एक्ट और कर नियमों के उल्लंघन की स्थिति में आर्थिक अपराध शाखा भी कार्रवाई कर सकती है। यदि यह माल चोरी का साबित होता है तो यह गंभीर आपराधिक मामला बन सकता है। पूर्व में भी हो चुकी हैं शिकायतें यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी अंजनिया और आसपास के क्षेत्रों में कबाड़ियों द्वारा चोरी का माल खरीदे जाने और स्क्रैप के नाम पर अवैध व्यापार की खबरें आती रही हैं। लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे ऐसे तत्वों के हौसले बुलंद हैं। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन और पुलिस इस पूरे मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं। यदि समय रहते जांच शुरू नहीं की गई तो यह नेटवर्क और भी व्यापक हो सकता है।अंजनिया क्षेत्र में चोरी के लोहे की अवैध खरीदी और बिक्री का यह मामला न केवल आर्थिक अपराध है बल्कि सामाजिक सुरक्षा और व्यवसायिक पारदर्शिता के लिए भी खतरा बनता जा रहा है। समय रहते इस पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो यह संगठित अपराध के रूप में फलता फूलता रहेगा। प्रशासन और पुलिस को तत्काल हस्तक्षेप करते हुए दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। जिससे ट्रकों से जा रहे लोहा सीमेंट अन्य सामग्री की चोरी पर लगाम लग सके अंजनिया चौकी एव थाना बम्हनी को ऐसे चोरो पर शक्त कार्यवाही करने की आवश्कता है जो दूसरों को धन को अपना समझ कर महंगे दामों में फिर बेच रहे है।



शराब बनाने और पीने वालों से लिया जायेगा जुमार्ना

## मोहगांव ब्लॉक के सिंगारपुर की महिलाओं ने उठाया शराबबंदी का बीड़ा

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र विकासखंड मोहगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगारपुर में 12 अक्टूबर रविवार को महिलाओं ने शराबबंदी को लेकर जागरूकता बैठक आयोजित गई, जिसमें महिला पुरुष नवयुवक सभी वर्गों के लोगों ने बैठक में शामिल होकर ग्राम में पूर्णरुप से शराब बंद करने की सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि ग्राम में शराब पीने वाले पर 20 हजार का जुमार्ना, शराब बनाने वाले पर 10 हजार जुमार्ना और जानकारी देने वाले को 5 हजार का इनाम दिया जाएगा। संपूर्ण ग्राम में नशा मुक्ति अभियान की रैली निकाली गई, जिसमें महिला- पुरुष, युवा और छोटे छोटे बच्चे भी बढचढ कर हिस्सा लिये।

## मंडला में युवक ने की पत्थर मारकर गाय की हत्या



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला जिले के बिछिया थाना क्षेत्र के ग्राम रुशा में एक युवक ने पड़ोसी महिला से पुरानी रंजिश के चलते उसकी गाय की पत्थर मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रुशा निवासी माहे बाई उइके ने शिकायत दर्ज कराई कि शुक्रवार देर रात उसके पड़ोसी वेद सिंह नरते ने उसकी गाय को खोलकर पत्थर से मारकर मार डाला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद आरोपी के खिलाफ गो-प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बताया कि आरोपी वेद सिंह नरते को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ जारी है और पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस घटना में कोई अन्य व्यक्ति शामिल था या नहीं। बताया गया है कि कुछ साल पहले माहे बाई उइके के बैल की मौत को लेकर भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। उस समय महिला ने वेद सिंह पर आरोप लगाया था और उससे 5 हजार रुपए हजार्ने के तौर पर वसूले थे। इसी पुराने विवाद के कारण आरोपी ने यह वारदात की।

क्या फिर से घोषित होगा परीक्षा परिणाम, चचाओं का बाजार गर्म

## आखिर कब मिलेगा महिला आरक्षण का लाभ... ?



### शिक्षक बनने का इंतजार कर रही महिलाओं की उपेक्षा कर रही सरकार

**रेवांचल टाईम्स - मंडला। जिले में शासन प्रशासन व अनेक राजनीतिक दलों व प्रशासनिक तंत्र द्वारा लगातार महिलाओं के संरक्षण और उनके आरक्षण के लिए बातें की जाती हैं लेकिन यह सब बातें मंच या भाषणों तक ही सीमित रहती हैं हकीकत के धरातल में महिलाओं को आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है बल्कि लगातार महिलाओं की ऊपेक्षा मध्य प्रदेश में हो रही है।**

खासकर मध्य प्रदेश में शिक्षक चयन परीक्षा परिणाम वर्ग 2 में महिलाओं की अपेक्षा की गई है 80% से अधिक अंक लाने वाली महिलाओं को भी चयन सूची से बाहर किया गया है अधिकांश महिलाएं 80% अंक लाने के बाद भी वेटिंग लिस्ट में फंसी हुई है इन महिलाओं का चयन कब, होगा यह लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है नागरिक चाह रहे हैं और ऐसी सभी महिलाएं भी चाह रही हैं कि उनका चयन होना चाहिए 80% से अधिक अंक अर्जित किया है साथ में अतिथि शिक्षक का प्रमाण पत्र है और ईडब्ल्यूएस का प्रमाण पत्र भी है इसका लाभ दिया जाना चाहिए महिला आरक्षण का लाभ दिया जाना चाहिए जो नहीं दिया जा रहा है बताया जा रहा है कि 90% से ऊपर अंक वालों को चयन किया जा रहा है जिससे महिलाओं में सरकार के प्रति आक्रोश पनप रहा है चर्चा तो यह भी चल रही है कि जो परीक्षा परिणाम अभी आया है वह संशोधित होकर पुन 31 अक्टूबर के आसपासआएगा ऐसी संभावना जताई जा रही है यह चर्चा संपूर्ण मंडला जिले में फैली हुई है सही क्या है इस विषय में सरकार को स्पष्ट करना चाहिए यदि पुनः परीक्षा परिणाम घोषित करना है तो उन महिलाओं का परीक्षा परिणाम प्रभावित न हो जिन्होंने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है बल्कि अंक बढ़ाकर उन्हें दिए जाएं क्योंकि अधिकांश महिलाओं का कहना है कि जो अंक उन्हें मिले हैं उससे ज्यादा अंक मिलना चाहिए था जो उन्हें नहीं मिल पाए हैं शासन प्रशासन इस विषय पर शीघ्र निर्णय करें और 80% अंक से ऊपर बुलाने वाली महिलाओं का तत्काल चयन किया जाए उनकी स्कूलों में पद स्थापना की जाए ताकि उन महिलाओं के साथ न्याय हो सके उनका जनअपेक्षा है सरकार इस विषय पर तत्काल ध्यान देगी।

## जंगल में पेड़ से लटका मिला था युवक, मोहगांव पुलिस ने दर्ज किया आत्महत्या का मामला

## युवक हत्या की आशंका को लेकर छह माह बाद पुलिस ने दफन शव निकाला



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। जिले के मोहगांव थाना के ग्राम पंचायत भानपुर के थीहईटोला में एक युवक का दफन शव मंडला पुलिस के द्वारा निकाला गया। छह माह पहले युवक का शव जंगल में सागौन के पेड़ से गमछे से लटका मिला था। मोहगांव पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर चिकित्सक की पीएम रिपोर्ट पर आत्महत्या का मामला दर्ज किया,लेकिन पिता यह मानने को बिल्कुल भी तैयार नहीं रहा है कि उसके जवान बेटे ने आत्महत्या कर ली है।**

न्याय के लिए लगातार कलेक्टर एसपी और बालाघाट आईजी को कुछ साक्ष्यो के साथ शिकायत करता रहा है। यहां तक मानव आयोग मप्र में आवेदन किया। इसके बाद मंडला पुलिस अक्षीक्षक रजत सकलेजा के द्वारा मामले की दोबारा जांच शुरू करने के लिए शव का पीएम कराया जा रहा है। शव का जबलपुर भेजा गया है। बताया गया है कि मोहगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भानपुर पोषक ग्राम थीहईटोला में गोलू नंदा पिता वीरन नंदा 23 वर्ष 16 अप्रैल 2025 को रात्रि के समय घर से निकला था। इसके बाद उसका कोई अता पता नहीं चला। 19 अप्रैल सुबह के समय पास के ही जंगल में उसका शव सागौन के पेड़ से दो गमछे से बने फंदे में लटका मिला। मोहगांव थाना पुलिस के द्वारा शव को पीएम के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहगांव लाया गया। यहां चिकित्सक के द्वारा पीएम के बाद आत्महत्या का प्रकरण बता शव परिजनो को सौंप दिया गया। परिजनो के द्वारा मोहगांव पुलिस की जांच कार्रवाई पर कई सवाल खड़े किए गए है। जवान बेटे की हत्या का गम झेलने के साथ एक पिता अपने बेटे को न्याय की उम्मीद में शव का दफना दिया और दोबारा मय साक्ष्य के साथ न्यायसंगत जांच के लिए एसपी कलेक्टर मंडला को आवेदन कर गुहार लगाता रहा है।

### पिता ने लगाए आरोप


मृतक गोलू नंदा के पिता वीरन नंदा ने आरोप लगाए है कि मोहगांव पुलिस के द्वारा प्रकरण में जांच ही नहीं की है। मामला प्रेम प्रसंग का रहा है। 16 अप्रैल को ही संदेहियो के घर की युवती के साथ गोलू घर से निकला था। इसके बाद वह दोबारा नहीं लौटा। उन्होने बताया कि 17 अप्रैल की सुबह कुछ संदेही उनके घर पहुंचकर गोलू को ढूंढने का नाटक कर रहे थे। इस दौरान वीरन के द्वारा उनके हाथो में गोलू का गमछा देखा गया था। तभी से पिता को अनहोनी की शंका हो गई। 19 अप्रैल को ही उन्ही संदेही के द्वारा कहा गया है कि गोलू जंगल में मिलेगा। जंगल में उसका शव लटका हुआ मिला।

### युवती का नहीं पता

इस पूरे प्रकरण में एक युवती छह माह के बाद भी गायब बताई जा रही है। मृतक के पिता वीरन ने बताया है कि गोलू को एक युवती घर आकर लेकर गई। तीन दिन बाद गोलू का शव मिल गया लेकिन युवती का कही कोई पता नहीं चल रहा है। उन्होने यह भी बताया है कि मोहगांव थाने में गोलू के पत्नि वे स्वय थाने में रिपोर्ट लिखाने गए हुए थे लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई लेकिन संदेहियो की लड़की गायब होने की शिकायत लिखी गई। पूरे प्रकरण में दोबारा जांच कार्रवाई शुरू हो गई। अब रिपोर्ट आने के बाद साक्ष्यो की त$फदीश नए सिरे की जाएगी।

6 बिस्तर मिले, बोर्ड लगाकर शहर में कर रहा था इलाज

## अवैध क्लिनिक सील, स्वास्थ्य विभाग कराएगा FIR





**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला के उपनगर महाराजपुर में राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को हुसैन मेडिकल स्टोर एवं दवाखाना में अवैध रूप से संचालित एक क्लिनिक को सील किया था। रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील खोलकर अंदर रखे सामान की सूची बनाकर जब्त की। जिला स्वास्थ्य अधिकारी (डीएचओ) डॉ. डीके मरकाम ने बताया कि शनिवार को जांच के दौरान क्लिनिक के संचालन संबंधी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए थे, जिसके बाद इसे सील किया गया। जांच में क्लिनिक से छह बिस्तर और आईवी फ्लूड के अपशिष्ट उत्पाद मिले हैं, जिससे संकेत मिलता है कि यहां मरीजों को आईवी फ्लूड दिया जा रहा था। डीएचओ डॉ. डीके मरकाम ने बताया कि क्लिनिक से मिली दवाइयों को सील किया जा रहा है। इस मामले में नजदीकी थाने में एफआईआर दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

## सरपंच पोलियो ड्राप पिलाकर की अभियान की शुरूआत



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** 12/10/2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहगांव में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। मोहगांव की सरपंच गुड्डी बाई ने एक बच्चे को पोलियो ड्रॉप पिलाकर इस महत्त्वपूर्ण अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर डॉ. झिकराम, डॉ. प्रसून झा एवं अन्य स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाने का कार्य किया जा रहा है।सरपंच गुड्डी बाई ने सभी ग्रामवासियों से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो ड्रॉप जरूर पिलवाएं और देश को पोलियो मुक्त बनाने की दिशा में सहयोग करें।



# 133 हितग्राहियों ने राशि लेकर नहीं बनाया पीएम आवास, शासन की एक करोड़ से ज्यादा की राशि फंसी, नपा ने हितग्राहियों को दिया 7 दिन का समय

## नपा सीएमओ बोले एफआईआर और राशि वसुलने होगी संपत्ति की कुर्की

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** 2017 में शासन की मंशानुरूप नगरपालिका बालाघाट से पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को, आवास निर्माण के लिए राशि प्रदान की गई थी, लेकिन इनमें 133 हितग्राही ने पीएम आवास योजना की राशि से आवास का निर्माण ना करके, उसका अन्य उपयोग कर लिया। जिसकी पूरी जांच के बाद नगर पालिका ने पीएम आवास योजना के बकायादार हितग्राहियों की सूची जारी की है। नगरपालिका ने जानकारी में बताया कि इन हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए राशि आवंटित की गई थी लेकिन उनके द्वारा इस राशि का उपयोग आवास निर्माण में न कर अन्ड्य कार्यों में किया गया है। शासन के निर्देशानुसार ऐसे हितग्राहियों के नाम सरेंडर कर दिये गए है तथा इन हितग्राहियों को दी गई राशि की वसूली की जाना है।

नगरपालिका अब, इन 133 हितग्राहियों से एक करोड़ 14 लाख 10 हजार रूपए की राशि वसुलेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी बी.डी. कतरोलिया ने सभी 133 हितग्राहियों से 07 दिनों के भीतर उन्ड्हें आवंटित की गई राशि नगर पालिका बालाघाट में जमा करा देने को कहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि जो भी यदि राशि जमा नहीं करेगा, उनके विरूद्ध थाना कोतवाली में एफआईआर दर्ज कर निकाय से दी गई राशि ब्ड्याज सहित वसूलने के लिए कुर्की और नीलामी की कार्यवाही की जाएगी।






जिसके लिए हितग्राही स्ड्वयं जिम्ड्मेदार होंगे। आपको बताते चले कि नगरपालिका ने जिन 133 हितग्राहियों की सूची जारी की है, उनमें हितग्राहियों को 25 हजार रुपए से लेकर 02 लाख 50 हजार रुपए तक की राशि दी जा चुकी है। अब नगरपालिका राशि जमा नही करने वाले, इन हितग्राहियों की चल अचल संपत्ति की कुर्की और नीलामी कर बकाया राशि वसूल करेगी।

खास बात यह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को किश्तो में राशि दी जाती है। जिसमें निर्माण के अनुसार जियो टेग से राशि हितग्राहियों के खाते में जाती है। नगरपालिक ने जिन हितग्राहियों की सूची जारी की है, उसमें पांच हितग्राहियों को 12 लाख 50 हजार रूपए दिए गए है, अर्थात, इन्हें पीएम आवास योजना की पूरी राशि मिल गई है। जिससे, पीएम आवास योजना में जियो टेग करने वालों पर भी सवाल खड़े होते है कि आखिर, उन्होंने किस आधार पर जियो टेग किया और कैसे हितग्राहियों के खाते में पीएम आवास की पूरी ढाई लाख रूपए की राशि चली गई। जबकि सूची में 72 हितग्राहियों को एक-एक लाख और 39 को 60-60 हजार रूपए राशि प्रदान की गई है।



## कन्या शिक्षा परिसर की बेटियों ने लहराया परचम

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट की 04 बालिकाए प्राची टेकाम, प्रतीक्षा धुर्वे, वसुंधरा धुर्वे और स्वाति वायाम का राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया था। संस्था में कार्यरत पीटीआई कमल किशोर तेलासे ने बताया कि अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार विभागीय राज्य स्तरी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शहडोल में किया गया जिसमें जनजाति कार्य विभाग के अंतर्गत आने वाले 22 जिलों के बच्चे सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता में कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट की 08 बालिकाए सम्मिलित थी। जिसमें से 04 बालिकाओं का चयन स्कूल राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता इटारसी के लिए किया गया था। चयनित चारों बच्चे ने राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता इटारसी में अपने उत्कृष्ट खेल से सबका मन मोह लिया और टीम फाइनल में इंदौर को हराकर विजेता बनी। इस प्रतियोगिता में प्राची टेकाम ने 09 गोल किए और प्रतीक्षा धुर्वे ने 05 गोल किए। डिफेंडर के रूप में वसुंधरा और स्वाति ने भी अपना अच्छा प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 04 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक आयोजित की गई। सभी बच्चों को विभाग प्रमुख सहायक आयुक्त श्रीमती शकुंतला डामोर संस्था के प्राचार्य पीके अंगूरे, जिला खेल प्रभारी डीके मेश्राम,आर एस कुशराम, कोच जिला फुटबॉल संघ के सचिव सुनील यादव, एथलेटिक्स जिला संघ के अध्यक्ष नरेश धुवारें, कराटे प्रशिक्षण प्रशिक्षक साजिद कृष्णन कुट्टी, आकाशवाणी उद्घोशक अजय ठाकुर,शैलेंद्र यादव, समस्त पीटीआई एवं संस्था के समस्त स्टाफ ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

जिलास्तरीय साईक्लिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाए जौहर

# 27 प्रतिभागियों का चयन, 8 नवंबर को जबलपुर में स्टेट प्रतियोगिता में होंगे शामिल








**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** साइकि्लग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार, रविवार 12 अक्टूबर को जिला साइक्लिंग एशोसिएशन ने 30 वीं सब जूनियर, सीनियर और एलिट आयु वर्ग में जिला स्तरीय साइकि्लग प्रतियोगिता का आयोजन किया।

जिसमें 14, 16 और 18 आयु वर्ग के प्रतिभागियों के साथ ही 23 वर्ष से ऊपर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। तकरीबन 20 किलोमीटर की इस साइक्लिंग प्रतियोगिता में 27 प्रतिभागियों का चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया हैं। जो आगामी 8 नवंबर को जबलपुर में मध्यप्रदेश साइक्लिंग फेडरेशन की आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

जिला साइक्लिंग संघ के सचिव मनोज उपवंशी ने बताया कि बालाघाट-गोंदिया फोरलेन पर भमोड़ी से रेंगाटोला तक एक और दो लेप प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसका समापन शाम 4 बजे किया गया।

जिला साइकि्लग संघ के आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे विधायक मधु भगत ने खिलाड़ियों को पुरस्कार और ट्राफी से सम्मानित किया। यहां उन्होंने, जिले से साइक्लिंग में सबसे ज्यादा खिलाड़ियों के प्रतियोगिता में शामिल होने पर खुशी जाहिर करते हुए यहां, खिलाड़ियों के लिए वेलोड्रम नहीं होने पर चिंता जाहिर की। उन्होंने संघ और खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि जिला सबसे ज्यादा राष्ट्रीय खेल में जाने वाले खिलाड़ी दे रहा है, बावजूद जिले में इस खेल की उपेक्षा की जा रही। वह स्वयं, खेल मंत्री विश्वास सारंग से, प्रतिनिधि मंडल के साथ अच्छी साइकिल और नया साइकि्लग वेलोड्रम बनवाने के लिए मिलेंगे। ताकि सबसे ज्यादा खिलाड़ी देने वाले, इस जिले के खिलाड़ियों को इस खेल की सभी सुविधाएं उपलब्ध हो। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, समाजसेवी विकास हजारी, रिकाब मिश्रा, टिकाराम लिल्हारे, कोच मोनिका बनोटे सहित अन्य पदाधिकारी, सदस्य और प्रतिभागी मौजूद थे।



इनका किया गया चयन

14 वर्ष बालिका वर्ग में नव्या कलिहारे, नव्या पारधी, स्वाती लिल्हारे, अश्वी लिल्हारे, बालक वर्ग में रूद्र नगपुरे, आकाश भगत, सालोम नाथ, 16 वर्ष बालिका वर्ग में गौरा उइके, साहिना बाक्टे, वंदना, राशी, बालक वर्ग में कीर्ति सहारे, प्रफुल्ल पांचे, मोहित पांचे, सौरभ रनगिरे, प्रफुल्ल बिसेन, 18 वर्ष बालिका वर्ग में मोहिनी लिल्हारे, तानेश्वरी माहुले, इमांशी मर्सकोले, मिनाक्षी मानेश्वर, बालक वर्ग में निखिल राणा, सुमित मानेश्वर, राजकुमार राहंगडाले, राहुल पिछोड़े तथा 23 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में भूपेन्द्र, जय ठाकरे, विशाल पटले, आशीष रनगिरे और नमन का चयन किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली बहनों के खातों में राशि की अंतरित

# बालाघाट जिले की 03 लाख 47 हजार 746 लाडली बहनों के खाते में पहुंची 41.96 करोड़ रुपये की राशि



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 12 अक्ड्टूबर को श्ड्योपुर में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्ड्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गैस सिलेंडर उज्जवला योजना की 01 करोड़ 26 लाख 86 हजार हितग्राही बहनों के खातों में अक्ड्टूबर माह की 1541 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई।

लाड़ली बहना योजना की 29 वीं किश्त वितरण के इस कार्यक्रम का बालाघाट जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रसारण दिखाया गया। जिला स्ड्तर पर कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया, बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री शैलेन्द्र चौकसे एवं हितग्राही महिलाओ की उपस्थिति में कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा गया। लाडली बहना योजना के अंतर्गत बालाघाट जिले की 03 लाख 47 हजार 746 लाडली बहनों के खाते में माह अक्ड्टूबर की राशि के रूप में 41 करोड़ 96 लाख 12 हजार 750 रुपये की राशि जमा की गई। प्रत्ड्येक लाडली बहन के खाते में 1250 रुपये की राशि अंतरित की गई है।

लाडली बहना योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखंड बैहर की 19 हजार 594 बहनों के खाते में 02 करोड़ 36 लाख 13 हजार 200 रुपये, विकासखंड बालाघाट की 37 हजार 701 बहनों के खाते में 04 करोड़ 53 लाख 28 हजार 900 रुपये, विकासखंड बिरसा की 27 हजार 211 बहनों के खाते में 03 करोड़ 30 लाख 50 हजार रुपये, विकासखंड कटंगी की 34 हजार 977 बहनों के खाते में 04 करोड़ 21 लाख 71 हजार 650 रुपये, विकासखंड खैरलांजी की 31 हजार 626 बहनों के खाते में 03 करोड़ 83 लाख 01 हजार 100 रुपये, विकासखंड किरनापुर की 38 हजार 676 बहनों के खाते में 04 करोड़ 70 लाख 40 हजार 750 रुपये, विकासखंड लालबर्रा की 37 हजार 605 बहनों के खाते में 04 करोड़ 53 लाख 37 हजार 900 रुपये, विकासखंड लांजी की 38 हजार 622 बहनों के खाते में 04 करोड़ 69 लाख 20 हजार 650 रुपये, विकासखंड परसवाड़ा की 22 हजार 365 बहनों के खाते में 02 करोड़ 68 लाख 18 हजार 550 रुपये एवं विकासखंड वारासिवनी की 33 हजार 214 बहनों के खाते में 04 करोड़ 13 हजार 650 रुपये की राशि जमा हुई।

इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका बालाघाट की 8930 बहनों के खाते में 01 करोड़ 06 लाख 15 हजार 950 रुपये, नगर पालिका मलाजखंड की 5864 बहनों के खाते में 69 लाख 47 हजार 400 रुपये, नगर पालिका वारासिवनी की 3802 बहनों के खाते में 45 लाख 07 हजार 700 रुपये, नगर परिषद बैहर की 2684 बहनों के खाते में 31 लाख 27 हजार 150 रुपये, नगर परिषद कटंगी की 2455 बहनों के खाते में 29 लाख 45 हजार 900 रुपये तथा नगर परिषद लांजी की 2420 बहनों के खाते में 28 लाख 72 हजार 300 रुपये की राशि जमा हुई है।

# खाद्य सामग्री के 32 नमूने प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गये, 05 प्रतिष्ठानों को स्वच्छता के लिए दिया गया नोटिस

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** आमजन को मिलावट रहित, स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की आकस्मिक जांच कर खाद्य सामग्री के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने 10 एवं 11 अक्टूबर को बालाघाट, भरवेली, भानेगांव एवं लांजी में छापामार कार्यवाही कर विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य सामग्री के 32 नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए भोपाल भेजे हैं। इसके साथ ही 05 प्रतिष्ठानों के संचालकों को साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाये रखने के लिए नोटिस जारी किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश डोंगरे, वाजिद मोहिब एवं श्रीमती गीता टांडेकर की टीम ने 10 एवं 11 अक्टूबर को भरवेली स्थित महाजन होटल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान महाजन होटल से दूध, पेड़ा, मावा, मगज के लड्डू का नमूना लिया गया। होटल में स्वच्छता का अभाव पाये जाने पर होटल में साफ सफाई एवं स्वच्छता बनाये रखने के लिए नोटिस दिया गया। इसी प्रकार महाराजा होटल भरवेली से मगज के लड्डू, कलाकंद एवं पेड़ा के नमूने लेकर जांच के लिए भोपाल भेजे गए। महाराजा होटल भरवेली के संचालक को भी स्वच्छता संबंधी नोटिस जारी किया गया। बालाघाट के आनंद भंडार मिष्ठान की शिकायत प्राप्त होने पर वहां से पनीर, चॉकलेट, बर्फी एवं पेड़ा के नमूने जांच एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने भानेगांव स्थित अंबिका ट्रेडर्स से ड्राई फ्रूट बादाम, आयोडाइज्ड नमक, गुलाब जामुन मिक्स के नमूने जांच एकत्र किये हैं और लांजी स्थित जयकारा होटल को स्वच्छता के लिए नोटिस जारी किया गया है तथा यहां से चॉकलेट, बर्फी, पेड़ा, मलाई पेड़ा के नमूने एकत्र किये गये। लांजी बस स्टैंड स्थित कृष्णा बीकानेर होटल की जांच के दौरान मिल्क केक, मैसूर पाक एवं चमचम के नमूने जांच के लिए एकत्र




किये गये। नैवेद्यम स्वीट्स की जांच के बाद उसके संचालक को स्वच्छता के लिए सूचना नोटिस दिया गया है और वहां से गुलाब जामुन, खोवा, पेड़ा तथा नमकीन के नमूने प्रयोगशाला जांच के लिए एकत्र किये गए हैं। बस स्टैंड लांजी स्थित शिवराज होटल से कुकिंग ऑयल, मैसूर पाक के नमूने जांच के लिए एकत्र किये गए। लक्ष्मी बीकानेर होटल लांजी की जांच की गई तथा शीतल उपहार ग्रह से काजू कतली, मिल्क केक, खोवा बर्फी के नमूने लिए गए एवं उन्हें भी सुधार सूचना नोटिस दिया गया। शर्मा स्वीट्स लांजी से पनीर एवं कलाकंद के नमूने जांच के लिए एकत्र कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं।

इस प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने 10 एवं 11 अक्टूबर को बालाघाट, भरवेली, भानेगांव एवं लांजी के विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य सामग्री के कुल 32 नमूने एकत्र कर जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे हैं। पांच प्रतिष्ठानों को साफ-सफाई, स्वच्छता एवं सुधार के लिए सूचना नोटिस जारी किए गए हैं। प्रयोगशाला जांच में खाद्य सामग्री के नमूनों में मिलावट पाये जाने एवं अमानक पाये जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान के संचालक के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर दंडात्मक कार्यवाही के लिए न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया जायेगा।

# उप संचालक कृषि श्री मालवीय ने बेनेगांव एवं लवेरी में प्राकृतिक खेती का किया निरीक्षण



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत विकासखंड- किरनापुर में उपसंचालक कृषि सह परियोजना संचालक फूलसिंह मालवीय, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विनिता रंगारी, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक जगदीश कुटारिये, कृषि सखी सुनीता सिहोरे, श्रीमती अनीता सुलाखे, श्रीमती ओमेश्वरी बंसोड़ के द्वारा कलस्टर- बेनेगांव से कृषक- परसराम सिहोरे, रामप्रसाद ढेकवार, कलस्टर- लवेरी में तिलकचंद ढोमने, अनीता सुलाखे, क्लस्टर- बेलगांव में कृषक गणेश समरिते के खेत एवं कृषकों द्वारा बनाए गए प्राकृतिक उत्पाद का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि प्राकृतिक खेती युक्त धान फसल में कीट- व्याधियों का प्रकोप जैसे- तना छेदक, माहू इत्यादि बिल्कुल भी नहीं है , जबकि रासायनिक खाद का उपयोग करने वाले खेतों में इसका प्रकोप देखा गया। इस प्रकार से देखा जाए तो प्राकृतिक खेती कृषकों के लिए निश्चित ही वरदान साबित हो रही है।

## संपादकीय

### सोना लगातार महंगा होगा

त्योहारों और शादियों का मौसम है। आपकी बेटी की शादी होनी है और आप कुछ सोने के आभूषण बनवाने पर सोच रहे होंगे, लेकिन बजट अनुमति नहीं देता, क्योंकि सोना आम आदमी के बजट से बाहर होता जा रहा है। दरअसल 10 ग्राम सोने के दाम 1.22 लाख रुपए तक पहुंच चुके हैं और चांदी भी 1.5 लाख रुपए के पार चली गई है। आम आदमी बेटी को सोना कैसे दे सकता है? इधर एक बहस आरंभ हुई है कि सोने का बहिष्कार कर देना चाहिए। बेटी के लिए सोने का विकल्प सोचना चाहिए, लेकिन सोने के बाजार की हकीकत बिल्कुल अलग है। वहां आम आदमी का अस्तित्व ही नहीं है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल का मानना है कि सोने में अब भी उतना निवेश नहीं हो रहा, जितना होना चाहिए। वैश्विक निजी निवेश में सोने की हिस्सेदारी मात्र 1-2 फीसदी ही है, जबकि केंद्रीय बैंकों में सोने का रिजर्व 10-20 फीसदी के बीच रहा है। फिर भी यह दिलचस्प और हैरान करने वाला तथ्य है कि 2022 की दीपावली के बाद से सोने की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों के आकलन हैं कि 2026 की दीपावली तक सोने के दाम 23 फीसदी और बढ़ सकते हैं। सोना 1.45 लाख और 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक उछल सकता है, क्योंकि बड़े निवेशक और दुनिया भर के केंद्रीय बैंक सोने में लगातार निवेश कर रहे हैं। चीन का पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना सितंबर में लगातार 11वें महीने सोने का शुद्ध खरीददार रहा है। यह डॉलर पर निर्भरता कम करने की चीन की रणनीति का हिस्सा है। 2025 में अभी तक घरेलू बाजार में सोने का रिटर्न करीब 60 फीसदी रहा है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह रिटर्न करीब 53 फीसदी रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के दाम 4890-5000 डॉलर प्रति आउंस हैं। एक आउंस 28.3 ग्राम के बराबर है। सोच लीजिए, सोना कितने आसमानों को छू रहा है। उसके बाजार को आम आदमी और उसकी बेटी की कोई चिंता नहीं है, क्योंकि आम आदमी का निवेश नगण्य है। गोल्ड ईटीएफ में भी इस साल अभी तक 17 फीसदी निवेश बढ़ चुका है। सितंबर में गोल्ड ईटीएफ में 1.53 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ, जोकि एक माह में सबसे अधिक है। अंतरराष्ट्रीय, अमरीकी बाजार में कभी सोने के दाम 20.7 डॉलर थे। 1834-1934 के बीच सोने के दाम धीरे-धीरे बढ़े और 35 डॉलर के दाम लगातार 34 साल तक स्थिर रहे। अब मौजूदा दौर में सोना इतना महंगा और अनिवार्य हो गया है कि देशों की अर्थव्यवस्था की बुनियाद है, लेकिन आम आदमी के लिए मुसीबत, परेशानी का प्रतीक बन गया है। दरअसल सोने के दाम अमरीका से ही शुरू होते हैं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय कारोबार डॉलर में ही होता है। जनवरी, 2025 में जब ट्रंप ने अमरीकी राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी, तो सोना 2700 डॉलर प्रति आउंस था। उनके 8 माह के कार्यकाल में सोना महंगा ही होता गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ की बात शुरू की, तो देशों में अनिश्चितता फैलने लगी, नतीजतन सोना महंगा होता गया। देशों ने सोना खरीदना तेज किया, ताकि वे आर्थिक तौर पर सबल रहें। अमरीका में तो आजकल शटडाउन का दौर है। सरकारी कर्मचारियों को वेतन के बिना ही छुट्टी पर भेज दिया गया है, क्योंकि ट्रंप प्रशासन अमरीकी कांग्रेस (संसद) से बजट ही पास नहीं करा पाया है। बहरहाल 1970-80 का दौर याद कीजिए, जब सोना 20 गुना से अधिक महंगा हो गया था और वित्तीय सलाहकारों ने सोना खरीदने की सलाह दी थी, लेकिन 1999 तक सोने के दाम अचानक ध्वस्त हुए, तो निवेश भी घटा। 1990-91 के दौर में भारत सरकार को सोना गिरवी रखना पड़ा था, ताकि सामान्य खर्च चलाए जा सकें। फिर उदारीकरण का दौर आया, सोना वापस ले लिया गया, भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर खुल गई। अब तो सोना आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गया है।

# बिहार में चुनाव, कौन बनेगा मुख्यमंत्री?







जीविका स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 1.21 करोड़ महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10-10 हजार रुपए मिल जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह बिहार की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जानकारों का मानना है कि यह योजना भारत के विभिन्न राज्यों में महिलाओं के लिए चल रही योजनाओं की ही तरह है और इसका गहरा असर चुनाव में दिखाई पड़ेगा। बिहार भारत के सबसे गरीब राज्यों में शामिल है और इस तरह की कोई भी आर्थिक योजना जो तत्काल राहत देती है, लोकप्रिय हो जाएगी। बिहार के लोग करोड़ों की संख्या में पलायन तो कर गए, लेकिन आज भी वह अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। वे चाहते हैं कि राज्य का विकास हो और नई पीढ़ी को पलायन की त्रासदी न झेलनी पड़े। इसका सीधा हल विकास तथा रोजगार है। जात और जमात की राजनीति इसमें सबसे बड़ा रोड़ा है। चुनाव आयोग ने बिहार में दो चरणों में मतदान कराने की घोषणा कर दी है। 6 और 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे तथा परिणाम 14 नवंबर को आएंगे। पक्ष और विपक्ष दोनों कमर कस चुके हैं। दोनों गठबंधन में टिकट के बंटवारे का मामला अभी सुलझा नहीं है लेकिन दोनों ही ताल ठोंक रहे हैं। नीतीश कुमार जो राजद को हराकर मुख्यमंत्री बने, एक बार फिर युद्ध के मैदान में हैं। एनडीए गठबंधन ने उन्हें ही अपना मुख्यमंत्री फेस चुना है, जबकि महागठबंधन में उहापोह है और कांग्रेस ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। लेकिन तेजस्वी यादव ने स्पष्ट कर दिया है कि बिहार में महागठबंधन का चेहरा सिर्फ वही हैं। इसके पहले राहुल गांधी ने बिहार के दौरे में कहा था कि इस बारे में अभी कोई फैसला नहीं हुआ है।

लेकिन तेजस्वी यादव को यह बात मंजूर नहीं थी और उन्होंने तुरंत ही अपने नाम की घोषणा कर दी। एक ओर जहां एनडीए गठबंधन में तारतम्य दिखता है, महागठबंधन में ऐसा कुछ नहीं है। राहुल गांधी ने अपने बिहार दौरे में कांग्रेसियों को अति उत्साहित कर दिया और उन्हें आगे बढ़ा दिया है, लेकिन सारा खेल लालू यादव पर निर्भर है और वह जाहिर है कि कांग्रेस को ज्यादा तरजीह नहीं देंगे। इस बार उसे सीटें भी कम देंगे। राहुल गांधी का दौरा हमेशा की तरह आरोप-प्रत्यारोप का रहा और उन्होंने चुनाव आयोग पर तमाम तरह के हमले किए और वोट चोरी का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने वोट चोरी में साथ दिया है। हालांकि उन्होंने जितने प्रमाण दिए, वे सभी खोखले थे और उनमें कोई दम नहीं था। बिहार में मतदाता सूची पुनर्रीक्षण (एसआईआर) की उन्होंने जमकर आलोचना की और उनके दो वकील सुप्रीम कोर्ट जा पहुंचे। इतना ही नहीं तथाकथित चुनाव विशेषज्ञ योगेन्द्र यादव भी अपनी विद्वता झाड़ते हुए कोर्ट में पेश हो गए, लेकिन इनमें से कोई भी वोट चोरी या सूची में गड़बड़ी की बात साबित नहीं कर सका। महज शोर मचाने और पब्लिसिटी करने के अलावा उन लोगों ने कुछ भी नहीं किया। यहां पर एक बात ध्यान देने की है कि मतदाता सूची बनाने वाले कर्मी राज्य सरकारों के ही कर्मी होते हैं। बीएलओ और एसडीएम, ये सभी राज्य सरकार के कर्मी ही होते हैं, ऐसे में मतदाता सूची में हेराफेरी का आरोप हास्यास्पद है। यह बात अखिलेश यादव ने भी कही थी कि मतदाता सूची में गड़बड़ी के लिए बीएलओ और एसडीएम को जिम्मेदार ठहराया जाए। लेकिन राहुल तो राहुल हैं, राजकुमार हैं। उन्होंने जो कह दिया वह कह दिया। एटम बम के नाम पर सुतली बम भी फोड़ दिया। इन सबका जनता पर कोई असर होता नहीं दिखा। वह पहले की तरह उदासीन रही। हां, बांग्लादेश से आकर बिहार में बस गए बांग्लादेशियों में खलबली जरूर मच गई। सुप्रीम कोर्ट ने आधार को मतदाता सूची के शामिल होने वाले महत्वपूर्ण दस्तावेज में आधार को भी शामिल कराके उनकी चिंता काफी हद तक दूर कर दी। इसके बाद चुनाव आयोग ने सूची तैयार कर दी है जिस पर महागठबंधन ने कोई खास आपत्ति नहीं जताई है लेकिन कुछ बातें जरूर कही हैं। अगर वे चुनाव हार गए तो फिर यह मुद्दा जोर-शोर से उठाएंगे।

बहरहाल बिहार में काफी सरगर्मी दिखती है। लेकिन यह ऊपर ही ऊपर है। यानी मीडिया भर तक ही सीमित है। लोग अपनी फसलों को लेकर चिंतित हैं। कई इलाकों में भरपूर बारिश न होने के कारण धान की बुआई नहीं हो पाई है, वहां के लोग निराश हैं। बाकी शहरों और कस्बों में राहुल गांधी के भाषणों के बारे में कोई चर्चा नहीं है। यहां वोट चोरी बहुत मामूली बात होती थी और बूथ लूटने का भी कल्चर था। कई जगहों में गरीबों तथा दलितों को वोट देने से रोक भी लिया जाता था। लेकिन अब इंटरनेट और सीसीटीवी कैमरों के कारण हालात बहुत बदल गए हैं। आम बिहारी बहुत ही जागरूक, सजग और समझदारी वाली बातें करने वाला होता है। भारत के किसी भी राज्य में राजनीतिक रूप से इतने जागरूक लोग नहीं मिल सकते। उन्हें हर चीज का ज्ञान है और इन्सायक्लोपीडिया की तरह वे अतीत की तमाम बातें बता सकते हैं। उनमें तर्क करने की अद्भुत क्षमता है जो आप यूटयूब या टीवी चैनलों पर साफ देखते होंगे। ऐसे में उसे बातों में फंसाना मुश्किल है। राहुल गांधी को यह बात मालूम नहीं थी, इसलिए वह कुछ भी आरोप लगाते रहे। राहुल गांधी यह भी भूल गए कि बिहार में 15 वर्षों के शासन में आरजेडी ने कैसे जंगल राज बना दिया। उनकी ही पार्टी के नेता गाल फाड़-फाडकर चिल्लाते रह गए, लेकिन आलाकमान ने कुछ नहीं सुना। नीतीश कुमार अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं और उनके पास राजनीतिक चालें हैं। उससे भी बड़ी बात यह है कि वह एनडीए का हिस्सा है जिसका नेतृत्व नरेन्द्र मोदी के पास है। पीएम मोदी हाल में पांच बार बिहार का दौरा कर चुके हैं और उन्होंने दर्जनों तरह की सौगात जनता को दी है। जनता उनसे खुश है क्योंकि वहां नई रेलगाडियों से लेकर कई तरह की और सुविधाएं दी गई हैं।

उधर नीतीश कुमार महिलाओं के लिए 10000 रुपए की राशि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दे रहे हैं। जीविका स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 1.21 करोड़ महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10-10 हजार रुपए मिल जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह बिहार की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जानकारों का मानना है कि यह योजना भारत के विभिन्न राज्यों में महिलाओं के लिए चल रही योजनाओं की ही तरह है और इसका गहरा असर चुनाव में दिखाई पड़ेगा। बिहार भारत के सबसे गरीब राज्यों में शामिल है और इस तरह की कोई भी आर्थिक योजना जो तत्काल राहत देती है, लोकप्रिय हो जाएगी। बिहार के लोग करोड़ों की संख्या में पलायन तो कर गए, लेकिन आज भी वह अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। वे चाहते हैं कि राज्य का विकास हो और नई पीढ़ी को पलायन की त्रासदी न झेलनी पड़े। इसका सीधा हल विकास तथा रोजगार है। जात और जमात की राजनीति इसमें सबसे बड़ा रोड़ा है। जो पार्टियां इस तरह की राजनीति करेंगी, वे इस चुनाव में उसका परिणाम झेल लेंगी। हर बिहारी चाहता है कि उसका राज्य सशक्त और संपन्न हो। ऐसे में इसका असर चुनाव पर पड़ेगा ही। देखते हैं कि जनता कौनसे गठबंधन को चुनती है।

## राशिफल

**मेष राशि :-** इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, प्रयास जारी रखें, प्रयत्नशीलता तथा सफलता से लाभ अवश्य होगा।

**वृष राशि :-** सोचे कार्य समय पर पूर्ण कर लें, कार्य तत्परता से लाभांवित होंगे, सफलता से हर्ष होगा।

**मिथुन राशि :-** मनोबल उत्सावर्धक होगा, व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि होगी, कार्य संतोष रहेगा, मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क राशि :-** परिश्रम से सफलता मिलेगी, सामर्थ्य के अनुसार प्रयास अवश्य करें, अवसरों का लाभ अवश्य लें।

**सिंह राशि :-** कार्यवृत्ति में सुधार होगा, चिन्तायें कम होंगी, सफलता के साधन जुटायेंगे, कार्य समय पर पूर्ण करें।

**कन्या राशि :-** परिश्रम करने पर भी सफलता दिखाई न दे, स्त्री वर्ग से तनाव व कष्ट होगा, मन में धैर्य रखकर कार्य करें।

**तुला राशि :-** कुछ लोगों से मेल-मिलाप फलप्रद रहेगा, क्षमता के अनुकूल फल मिलेगा, कार्य बनेंगे ध्यान दें।

**वृश्चिक राशि :-** स्वास्थ्य नरम रहेगा, चोटादि का भय, मनोबल उत्साहवर्धक रहेगा, कार्यो को समय पर पूरा करने का प्रयास करें।

**धनु राशि :-** कार्यकुशलता से संतोष होगा, दैनिक कार्यगति में सुधार होगा, परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर राशि :-** मनोबल उत्सावर्धक रहेगा, मित्र-इष्ट मित्र सहयोगी होंगे, कार्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

**कुंभ राशि :-** कार्य व्यवसाय गति मंद रहेगी, साधन सम्पन्नता अवश्य बनेगी, विशेष अवसरों को हाथ से न जाने दें।

**मीन राशि :-** विघटनकारी तत्व परेशान करेंगे, मनसिक कष्ट का अनुभव होगा, कार्य बाधा बनेगी, कार्यगति पर ध्यान दें।

# कालाष्टमी भैरव के रूप में प्रकट हुए शिवजी

कालाष्टमी अथवा काला अष्टमी का हिंदू धर्म में बड़ा ही महत्त्वपूर्ण स्थान है। प्रत्येक माह में कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दौरान इसे मनाया जाता है। कालभैरव के भक्त वर्ष की सभी कालाष्टमी के दिन उनकी पूजा और उनके लिए उपवास करते हैं। सबसे मुख्य कालाष्टमी, जिसे कालभैरव जयंती के नाम से जाना जाता है, उत्तरी भारतीय पूर्णीमांत पंचांग के अनुसार मार्गशीर्ष के महीने में पड़ती है, जबकि दक्षिणी भारतीय अमांत पंचांग के अनुसार कार्तिक माह में पड़ती है। हालांकि दोनों पंचांग में कालभैरव जयंती एक ही दिन देखी जाती है। माना जाता है कि इसी दिन भगवान शिव भैरव के रूप में प्रकट हुए थे। कालभैरव जयंती को भैरव अष्टमी या भैरवाष्टमी के नाम से भी जाना जाता है।



### व्रत विधि

भगवान भोलेनाथ के भैरव रूप के स्मरण मात्र से ही सभी प्रकार के पाप और कष्ट दूर हो जाते हैं। भैरव की पूजा व उपासना से मनोवांछित फल मिलता है। अतः भैरव जी की पूजा-अर्चना करने तथा कालाष्टमी के दिन व्रत एवं षोड्षोपचार पूजन करना अत्यंत शुभ एवं फलदायक माना गया है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन कालभैरव का दर्शन एवं पूजन मनवांछित फल प्रदान करता है। भगवान शिव के भैरव रूप की उपासना करने वाले भक्तों को भैरवनाथ की षोड्षोपचार सहित पूजा करनी चाहिए और उन्हें अर्घ्य देना चाहिए। रात्रि के समय जागरण करके शिवशंकर एवं पार्वती की कथा एवं भजन कीर्तन करना चाहिए। भैरव कथा का श्रवण और मनन करना चाहिए। मध्य रात्रि होने पर शंख, नगाड़ा, घंटा आदि बजाकर भैरव जी की आरती करनी चाहिए। भगवान भैरवनाथ का वाहन श्वान (कुत्ता) है। अतः इस दिन प्रभु की प्रसन्नता हेतु कुत्ते को भोजन कराना चाहिए। हिंदू मान्यता के अनुसार इस दिन प्रातःकाल पवित्र नदी या सरोवर में स्नान करके पितरों का श्राद्ध व तर्पण करके भैरव जी की पूजा व व्रत करने से समस्त विघ्न समाप्त हो जाते हैं तथा दीघार्यु प्राप्त होती है। भैरव जी की पूजा व भक्ति करने से भूत, पिशाच एवं काल भी दूर रहते हैं। व्यक्ति को कोई रोग आदि स्पर्श नहीं कर पाते। शुद्ध मन एवं आचरण से ये जो भी कार्य करते हैं, उनमें इन्हें सफलता मिलती है।

कालाष्टमी के दिन काल भैरव के साथ-साथ इस दिन देवी कालिका की पूजा-अर्चना एवं व्रत का भी विधान है। काली देवी की उपासना करने वालों को अर्धरात्रि के बाद मां की उसी प्रकार से पूजा करनी चाहिए, जिस प्रकार दुगार्पूजा में सप्तमी तिथि को देवी कालरात्रि की पूजा का विधान है। भैरव की पूजा-अर्चना करने से परिवार में सुख-शांति, समृद्धि के साथ-साथ स्वास्थ्य की रक्षा भी होती है। भैरव तंत्रोक्त, बटुक भैरव कवच, काल भैरव स्तोत्र, बटुक भैरव ब्रह्म कवच आदि का नियमित पाठ करने से अनेक समस्याओं का निदान होता है। कालभैरव अष्टमी पर भैरव के दर्शन करने से अशुभ कर्मों से मुक्ति मिल जाती है। भैरव उपासना के द्वारा क्रूर ग्रहों के प्रभाव से छुटकारा मिलता है।


### कथा

भैरवाष्टमी या कालाष्टमी की कथा के अनुसार एक समय श्रीहरि विष्णु और ब्रह्मा के मध्य विवाद उत्पन्न हुआ कि उनमें से श्रेष्ठ कौन है। यह विवाद इस हद तक बढ़ गया कि समाधान के लिए भगवान शिव एक सभा का आयोजन करते हैं। इस सभा में महत्त्वपूर्ण ज्ञानी, ऋषि-मुनि, सिद्ध संत आदि उपस्थित थे। सभा में लिए गए एक निर्णय को भगवान विष्णु तो स्वीकार कर लेते हैं, किंतु ब्रह्मा जी इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होते। वे महादेव का अपमान करने लगते हैं। शांतचित शिव यह अपमान सहन न कर सके और ब्रह्मा द्वारा अपमानित किए जाने पर उन्होंने रौद्र रूप धारण कर लिया। भगवान शंकर प्रलय के रूप में नजर आने लगे और उनका रौद्र रूप देखकर तीनों लोक भयभीत हो गए। भगवान शिव के इसी रुद्र रूप से भगवान भैरव प्रकट हुए। भैरव जी श्वान पर सवार थे, उनके हाथ में दंड था। हाथ में दंड होने के कारण वे दंडाधिपति कहे गए। भैरव जी का रूप अत्यंत भयंकर था। उनके रूप को देखकर ब्रह्मा जी को अपनी गलती का एहसास हुआ। वह भगवान भोलेनाथ एवं भैरव की वंदना करने लगे। भैरव जी ब्रह्मा एवं अन्य देवताओं और साधुओं द्वारा वंदना करने पर शांत हो जाते हैं।

### स्मरणीय तथ्य

यह ध्यान में रखना चाहिए कि कालाष्टमी का व्रत सप्तमी तिथि के दिन भी हो सकता है। धार्मिक मूल ग्रंथ के अनुसार जिस दिन अष्टमी तिथि रात्रि के दौरान प्रबल होती है, उस दिन व्रतराज कालाष्टमी का व्रत किया जाना चाहिए। इसके अनुसार ही कालाष्टमी के लिए व्रत के दिन का चयन करने के लिए द्रिक पंचांग सुनिश्चित करता है कि प्रदोष के बाद कम से कम एक घटी के लिए अष्टमी को प्रबल होना चाहिए। अन्यथा कालाष्टमी पिछले दिन चली जाती है, जब रात्रि के दौरान अष्टमी तिथि के और अधिक प्रबल होने की संभावना होती है।

## क्या है राधा कुंड की मान्यता



मथुरा की पवित्र धरती से भगवान कृष्ण की प्रेम कहानी और उनकी लीलाओं का गहरा संबंध है। यहां हर कोने में अद्भुत कथाएं छिपी हैं। इनमें से एक है राधा कुंड, जो केवल एक जलाशय नहीं, बल्कि संतान सुख के लिए एक दिव्य आश्रय स्थल माना जाता है। इसके बारे में मान्यता है कि अगर निःसंतान दंपति अहोई अष्टमी की मध्य रात्रि को यहां एक साथ स्नान करें, तो उन्हें संतान प्राप्ति होती है। ऐसा माना जाता है कि आज भी कार्तिक मास के पुष्य नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण रात्रि बारह बजे तक राधाजी के साथ राधा कुंड में अष्ट सखियों संग महारास करते हैं। इसलिए अहोई अष्टमी के दिन यहां अष्टमी मेला लगाया जाता है। अहोई अष्टमी का ये पर्व यहां प्राचीन काल से मनाया जाता है। इस दौरान पति और पत्नी दोनों एक साथ निर्जला व्रत रखते हैं और मध्य रात्रि को राधा कुंड में डुबकी लगाते हैं। केवल इतना ही नहीं, जिस दंपति की मनोकामना पूरी हो जाती है, वह भी अहोई अष्टमी के पावन पर्व पर अपनी संतान के साथ यहां राधा रानी की शरण में हाजरी लगाने आता है। कहा जाता है कि यह प्रथा द्वापर युग से चली आ रही है। इससे जुड़ी कहानी का पुराणों में भी वर्णन है, जो इस प्रकार है।

पौराणिक कथा- कुंड से संबंधित एक कथा के अनुसार कंस ने भगवान श्रीकृष्ण का वध करने के लिए अरिष्टासुर नामक दैत्य को भेजा था। अरिष्टासुर बछड़े का रूप लेकर श्रीकृष्ण की गउओं में शामिल हो गया और उन्हें मारने लगा। भगवान श्रीकृष्ण ने बछड़े के रूप में छिपे दैत्य को पहचान लिया और पकडकर उसका वध कर दिया। यह देखकर राधा ने श्रीकृष्ण से कहा कि उन्हें गो हत्या का पाप लग गया है। इस पाप से मुक्ति हेतु उन्हें सभी तीर्थों के दर्शन करने चाहिए। श्रीकृष्ण ने एक कुंड में सभी तीर्थों के जल को आमंत्रित किया और स्नान करके पाप मुक्त हो गए। उस कुंड कोकृष्ण कुंड कहा जाता है, जिसमें स्नान कर-के श्रीकृष्ण गो हत्या के पाप से मुक्त हुए थे, माना जाता है कि इस कुंड का निर्माण श्रीकृष्ण ने अपनी बांसुरी से किया था। श्रीकृष्ण द्वारा बने कुंड को देख राधा ने भी उस कुंड के पास ही अपने कंगन से एक और छोटा सा कुंड खोदा। देवी राधा द्वारा बनाया कुंड राधा कुंड के नाम से प्रसिद्ध हुआ। माना जाता है कि अहोई अष्टमी तिथि को इन कुंडों का निर्माण हुआ था, जिसके कारण अहोई अष्टमी को यहां स्नान करने का विशेष महत्त्व है। प्रतिवर्ष यहां अहोई अष्टमी पर बड़ी संख्या में भक्त स्नान के लिए आते हैं। कृष्ण कुंड और राधा कुंड की अपनी-अपनी विशेषता है। कृष्ण कुंड का जल दूर से देखने पर काला और राधा कुंड का जल दूर से देखने पर सफेद दिखता है।

स्लीमनाबाद में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आदि साथी और आदि सहयोगियों और ग्रामीणों से संवाद कार्यक्रम में राज्यपाल

# जनजातीय योजनाओं के क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता बनें सहभागीः राज्यपाल





**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि जनजातीय कल्याण और जनजातीय समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में पीएम जनमन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष जैसे महत्वपूर्ण अभियान चलाए जा रहे हैं।राज्यपाल ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार विशेष पिछड़ी जनजातियों को प्राथमिकता के साथ लाभान्वित कर रही है। पीएम जन-मन योजना के द्वारा बैगा,सहरिया एवं भारिया विशेष पिछड़ी जनजातीय बसाहटों में पक्का आवास,सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 24 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।**

राज्यपाल श्री पटेल रविवार को कटनी के स्लीमनाबाद में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आदि साथी और आदि सहयोगियों से ग्रामीण जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने ग्राम हरदुआ में आदि सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया और यहां जनजातीय बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। राज्यपाल ने जनसंवाद के दौरान विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक संजय पाठक विजयराघवगढ़, प्रणय प्रभात पांडे विधायक बहोरीबंद, धीरेंद्र बहादुर सिंह विधायक बड़वारा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता रमेश मेहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, सरपंच हरदुआ संगीता महोबिया, एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार जनजातीय कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार उनके स्वास्थ्य और सशक्तिकरण की दिशा में हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आम जनों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ सिकल सेल, टी.बी. आदि रोगों के कारण, लक्षण और उपाय के प्रति भी जागरूक करें। उन्होंने पीएम जनमन योजना और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत दी जा रही शासकीय सहायता और सुविधाओं की विस्तार से चर्चा की। जनजातीय वर्ग के लिए संचालित योजनाओं के जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन के लिए सरकार के साथ जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता भी सक्रिय सहभागिता निभाएं। राज्यपाल ने ह्यआदि सेवा केंद्रह्न के माध्यम से जनजातीय समाज को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुये कहा कि यह केन्द्र शासन की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने में सेतु का कार्य करेगा। राज्यपाल ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि आदि सेवा केन्द्र में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनजातीय समुदाय के लोगों की समस्यायें सुनीं जायेंगी। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान में केन्द्र सरकार ने 80 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इसमें 18 विभागों की 25 बिंदुओं को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि आदि सेवा सरकार की योजना है कि हर गांव में प्रशिक्षित कर्मचारी हों जो जनजाति वर्ग के लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दे और उन्हें उनका लाभ भी दिलायें। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूह से जुड़कर घर कि बहुयें भी कमाने लग गई हैं। अब बेटे और बहु दोनों के कमाने से घर की आमदनी में वृद्धि हुई है। सरकार द्वारा लाड़ली बहना और निःशुल्क अनाज योजना का भी लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को जरूर पढ़ाये। सरकार प्रारंभिक शिक्षा से लेकर विदेश तक की शिक्षा हेतु सुविधा और सहायता देती है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा की टीबी एक संक्रामक बीमारी है इसलिए टीबी मरीज बच्चों से दूरी बनाकर रखें ताकि बच्चें संक्रमित ना हों। यदि टीबी पेशेंट 6 माह तक ठीक से दवाई का सेवन करें तो वो पूर्णतः स्वस्थ हो जाते हैं। उन्होंने सिकल सेल एनीमिया के विषय में बताते हुए कहा कटनी में सिकल सेल कि स्थिति ठीक है। सरकार द्वारा इससे पीड़ित व्यक्तियों को कार्ड और निःशुल्क दवाईयां दी जाती हैं। यह बीमारी अनुवांशिक होती है। उन्होंने कहा कि शादी के पूर्व जेनेटिक कार्ड का मिलान जरूर किया जाय। लोगों को सिकल सेल के सामान्य लक्षण बचाव आदि के बारे में बतायें। उन्होंने अधिकारियो से कहा कि सिकल सेल से पीड़ित व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों की भी जाँच करायें।

## सिकल सेल से पीड़ित ऋतुराज ने बताये अनुभव

जनसंवाद में सिकल सेल बीमारी से पीड़ित करीब 12 वर्षीय ऋतुराज लोधी ने बीमारी की वजह से होने वाली तकलीफों को बताया और शासकीय जिला चिकित्सालय से बने कार्ड और मिल रही दवाईयों की भी विस्तार से जानकारी दी। ऋतुराज ने बताया उसे वर्ष 2018 में जांच के दौरान ही पता चला कि वह सिकल सेल की बीमारी से पीड़ित है। कार्यक्रम को विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पाण्डेय ने संबोधित करते हुये कहा कि राज्यपाल के यहां आने से योजनाओं के क्रियान्वयन में गति आयेगी और प्रेरणा मिलेगी। हम सब के लिए खुशी की बात है कि राज्यपाल ने हरदुआ पहुंचकर योजनाओं के क्रियान्वयन की हकीकत को देखा। इसके पूर्व राज्यपाल श्री पटेल ने महात्मा गांधी और भगवान बिरसा मुंडा की मूर्तियों में माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की शुरूआत एवं समापन में राष्ट्रगान का गायन हुआ। कलेक्टर श्री तिवारी ने आठवें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पोषण आहार से बनें आकर्षक स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

## हितलाभ का वितरण

राज्यपाल श्री पटेल ने टीबी मरीज को पोषण आहार किट के अलावा दो हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना, जाति प्रमाण पत्र और ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत किसान उत्पादक स्व-सहायता समूहों को ऋण एवं अनुदान राशि का चेक प्रदान किया।

## राज्यपाल ने बच्चो को पिलाई पोलियो की दवा

राज्यपाल श्री पटेल ने ग्राम हरदुआ के आदिसेवा केंद्र में जनजातीय बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। उन्होंने बच्चो को लाड़-दुलार किया। राज्यपाल ने 9 महीने के बालक सुशांत और तीन वर्षीय बिटिया स्वरा कोल को पोलियो दवा की खुराक पिलाई।

## प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही से संवाद

राज्यपाल श्री पटेल हरदुआ में मीरा बाई पति मूलचंद कोल के प्रधानमंत्री आवास पहुंचे और हितग्राही मीरा बाई से चर्चा की। मीरा बाई ने राज्यपाल का तिलक वंदन कर स्वागत किया और बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से ही पक्का आवास मिला है, पक्का घर बनने के पहले मेरा परिवार कच्चे खपरैल के घर में रहता था।



## प्रदर्शनी को सराहा

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। राज्यपाल ने कृषि विभाग और मानवजीवन विकास समिति द्वारा प्रदर्शित और जैविक खेती के लिए उपयोगी उत्पादों के प्रति गहरी दिलचस्पी दिखाया। उन्होंने स्टॉल में ही ह्यअश्वगंधा की खेतीह्न पुस्तक का विमोचन किया। इस मौके पर ज्वार, रागी, काला गेहूं, चिया सीड, वर्मी कम्पोस्ट, जैविक कीटनाशक एवं पोषण प्रबंधन, अश्वगंधा और मसालों तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर में आभा आईडी, आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल एनिमिया, बीपी और शुगर जाँच एवं टीबी स्क्रीनिंग की प्रदर्शनी लगायी गई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा कोदो, कुटकी, रागी, मूंग, धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, आर्गेनिक चावल, जड़ी-बूटी, शैम्पू, तेल, लाल और सफेद पत्थर की मूर्तियां, खादी वस्त्र की प्रदर्शनी लगायी गई थी। इसी प्रकार स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे छात्रवृत्ति, लैपटॉप वितरण, जाति प्रमाण पत्र मध्यान्ह भोजन, आदिम जति कल्याण विभाग द्वारा आदि सेवा केन्द्र, आजीविका भवन, स्मार्ट क्लास, आँगनवाड़ी केन्द्र, मत्स्य पालन, वनधन केन्द्र, आवास, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीट कॉर्न के पकोड़े, मिश्रित अंकुरित सलाद, मक्का चाट, भेल, कोदो की खीर, बाजरे की खिचड़ी, पोषण आहार की प्रदर्शनी लगायी गई।

## आदिकर्मयोगी सेवा केंद्र का शुभारंभ

राज्यपाल श्री पटेल ने हरदुआ के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 24 में आदिकर्म योगी सेवा केंद्र का शुभारंभ किया। उन्होंने यहां के सभी कक्षों का अवलोकन किया और सेल्फी प्वाइंट पर पहुंच कर फोटो खिंचवाई।

# जिले में मेडिकल स्टोर्स का होगा सघन निरीक्षण, कलेक्टर ऊषा परमार ने दिए सख्त निर्देश

### प्रत्येक दुकान पर फार्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य, प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर रहेगी सख्त रोक

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने जिलेभर में संचालित 400 से अधिक मेडिकल स्टोर्स का सघन निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीएम) को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत स्थित मेडिकल दुकानों का निरीक्षण करते समय यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि- प्रत्येक मेडिकल शॉप में फार्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य रहे, दवाओं के स्टॉक, संधारित पंजी एवं रिकार्ड का निरीक्षण किया जाए, चेकलिस्ट के सभी बिंदुओं पर जांच कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दवाओं का विक्रय केवल फार्मासिस्ट की निगरानी एवं देखरेख में ही किया




जाए। किसी भी मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने औषधि निरीक्षक महिमा जैन को निर्देश दिए कि वे प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर निरीक्षण और कार्रवाई की गति तेज करें। बैठक में अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित सभी एसडीएम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और बीमारियों की रोकथाम से जुड़ी त्वरित कार्रवाइयों की जानकारी भी प्रस्तुत की गई।

# अठघरा बघेल परिवार का सयुक्त दशहरा मिलन समारोह

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** अठघरा बघेल परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आज ग्राम पथरहटा में दशहरा मिलन. शस्त्र पूजन के साथ प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान साथ ही समाज के जन-प्रतिनिधि समाज को गौरवान्वित करने वाले को शील्ड श्रीफल से सम्मानित किया गया साथ में अठघरा बघेल परिवार के वरिष्ठ जनों का श्रीफल साल से मंच में आसींन कर सम्मान किया गया उपरोक्त गरिमामय कार्यक्रम का संचालन अजय सिंह बघेल खेरवा और शैलेंद्र सिंह मुन्नू सिंगोड़ी द्वारा किया गया कार्यक्रम में प्रतिभावान प्रवीण सूची में आने वाले विद्यार्थियों नाम... नैंसी सिंह अनुष्का सिंह तेजस्विनी सिंह मृत्युंजय देव सिंह.. और समाज को गौरवान्वित करने वाले जनप्रतिनिधि का नाम . आर्यमन सिंह लेफ्टिनेंट डॉक्टर श्रुति सिंह खुशबू सिंह अजय सिंह राजेश सिंह अनिरुद्ध सिंह कल्पना विपिन सिंह सचिंद्र सिंह सिद्धार्थ सिंह. जनप्रतिनिधियों में सुनील सिंह रविंद्र सिंह उपासना सिंह शिवानी सिंह कल्पना सिंह योगेंद्र सिंह सुरेंद्र सिंह.. प्रमुख वक्ताओं में नीरज सिंह बघेल गुनौर अशोक सिंह बघेल धीरेंद्र सिंह बघेल, निगहरा सरपंच बृजेंद्र सिंह, सुनील सिंह पटरा,सचिंद्र सिंह बघेल लुर्मी ,यशेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना भैया खेरवा रमेश सिंह बघेल रामजी सिंह बघेल पथरहटा ,नीलेन्द्र सिंह ,संजीव सिंह अमित सिंह, विपिन सिंह अन्य प्रमुख वक्ताओं ने अपने वक्तव्य रखें पृथक पृथक अठघरा बघेल ग्रामीण की शाखों से आए सम्मानित जनों ने अपना अपना परिचय बताया ,आभार प्रदर्शन विजय सिंह ने किया कार्यक्रम के अंत में परिवार का आगामी कार्यक्रम ग्राम बरहटा में रखने की घोषणा हुई।

# गांजा तस्कर ढीमरखेड़ा पुलिस की गिरफ्त में

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, ढीमरखेड़ा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा द्वारा अवैध मादक पदार्थों के व्यापार में लगे व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद श्रीमति आंकाक्षा चतुवेर्दी के निर्देशन में थाना प्रभारी ढीमरखेडा अभिषेक चौबे के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ गांजा के व्यापार में लगे दो व्यक्तियों के कब्जे से 02 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा एंव एक मोटर सायकिल को जप्त किया गया है। थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा अभिषेक चौबे ने बताया कि दिनांक 11.10.25 को ग्राम कटरा बेलकुंड नदी घाट के ऊपर रोड के पास दो व्यक्तियों को संदेह होने से पकड कर नाम पता पूछा गया जो अपना नाम (1) ध्रुप सिंह पिता देव सिंह गोंड उम्र 35 साल (2) मुकेश पिता वीरेन्द्र सिंह गोंड उम्र 30 साल दोनो निवासी ग्राम कटरा के रहने वाला बताये पूछताछ में संतोषजनक उत्तर नही दे सके उनके अधिपत्य में




रखी प्लास्टिक की पौलोथीन की तलाशी ली गई उसमें कुल 02 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ एवं घटना में प्रयुक्त बजाज कंपनी की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एमएस 8133 को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क 419/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया है। पुलिस कार्यवाही में विशेष भूमिका उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अभिषेक चौबे, सउनि जयंचद उईके, आर. पंकज सिंह, आर. अजय सिंह, आर. देवेन्द्र अहिरवार, आर. रंजीत सिह, आर डुमनदास का विशेष योगदान रहा।

1.5 अरब के खेल में घोटालेबाज जांच रहे घोटाला, क्या कोई ठेकेदार खुद ही अपने घोटालों की जांच कर सकता है?...

# बिना अनुमति पंचायतों में घुसे जांच अधिकारी! — खुद ठेकेदार, अब जांचकर्ता

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी। मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में एक बड़ा भ्रष्टाचार और जांच में मिलीभगत का मामला सामने आया है। बिना कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ की अनुमति के कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार कुशमारे की अगुआई में एक जांच दल पंचायतों में घुस गया और सीधे दस्तावेज जब्त कर लिए। लेकिन मामला यहीं नहीं रुकता। चर्चा है कि कुशमारे खुद ही अवसंरचना मद के करीब ?1.5 अरब के कार्यों में ठेकेदार हैं! यानी जिसने खुद निर्माण कार्य कराए, वो ही अब उसकी जांच कर रहा है।**

## भ्रष्टाचार का चक्रव्यूह, जांच नहीं, पर्देदारी

राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना और अवसंरचना मद में हुई अनियमितताओं की जांच के लिए गठित जांच दल की अगुआई प्रेम कुमार कुशमारे कर रहे हैं, जो मूल रूप से मंडला में पदस्थ हैं और स्थानीय भाजपा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के नजदीकी माने जाते हैं। सूत्रों के अनुसार, जांच दल ने कलेक्टर शीतला पटले और जिला पंचायत सीईओ को सूचना देना जरूरी नहीं समझा, और सीधे पंचायतों में जाकर दस्तावेज मांगने लगे — जो कि शासन के नियमों का सरासर उल्लंघन है। नियमों के अनुसार जांच से पहले कलेक्टर और सीईओ की पूर्व अनुमति अनिवार्य है।

## सांसद-विधायकों की सिफारिश पर ₹कमीशन का खेल, पंचायतें बनी शिकार...

प्रदेश में भाजपा के शासनकाल में अवसंरचना मद के अंतर्गत अधिकतर कार्य भाजपा विधायकों और सांसदों की सिफारिश पर स्वीकृत किए जाते हैं। लखनादौन और केवलारी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस विधायक हैं, इसलिए यहां कार्य भाजपा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की सिफारिश पर स्वीकृत हुए, जिनके करीबी ठेकेदारों को ठेका दे दिया गया। सूत्र बताते हैं कि इन कार्यों में 20% सांसद/विधायक कमीशन, 10% सरपंच-सचिव, 10% विभागीय अधिकारियों और 10% खुद के लिए झ यानी कुल 50% राशि केवल बंटवारे में उड़ गई! बाकी आधे पैसों से निर्माण कराए जा रहे हैं —


रेवांचल टाइम्स | पन्ना-कटनी- सिवनी-डिण्डौरी
खबर का हुआ असर जिले भर में बन रहे स्नान घाटों की होगी जांच पत्र हुआ जारी
स्नान घाट की आड़ में हुए करोड़ों के भ्रष्टाचार की होगी जांच
रेवांचल टाइम्स
खबर का असर

रेवांचल टाइम्स
फालोअप

जिसका परिणाम है गुणवत्ता हीन सड़कें, अनुपयोगी घाट, और फर्जी परकुलेशन टैंक।

**औचित्यहीन निर्माणः जहां जरूरत नहीं, वहां घाट-सड़कें बन गईं!**- जांच में सामने आया कि सिवनी जिले में कई ऐसे तालाबों में घाट बना दिए गए, जो मौजूद ही नहीं हैं! कुछ गांवों में 10 लाख की लागत के परकुलेशन टैंक में 25 लाख के घाट बना दिए गए। कई ग्रेवल सड़कें निर्जन इलाकों में, जिनका कोई उपयोग नहीं। स्पष्ट है कि अवसंरचना मद को जमकर लूटा गया।

**जांच पर ही सवाल — खुद ट्रैप हो चुके अधिकारी कर रहे जांच!** -जांच दल में शामिल सहायक यंत्री सनिल जैन पूर्व में लोकायुक्त ट्रैप हो चुके हैं। वहीं कुशमारे खुद जिन कामों के ठेकेदार हैं, अब उन्हीं की जांच कर रहे हैं। इतना ही नहीं, जिला स्तर के अन्य सदस्यों की भूमिका नगण्य है, अधिकतर सदस्य मौके पर मौजूद ही नहीं रहते — सिर्फ कुशमारे और जैन ही पंचायतों में घूमते नजर आ रहे हैं। प्रशासन को अंधेरे में रखकर की जा रही है जांच — नियमों की खुली धज्जियां जांच नियमों के अनुसार किसी भी जांच दल को जिला प्रशासन को सूचित करना अनिवार्य होता है। लेकिन प्रेम कुमार कुशमारे की टीम ने सिर्फ उपेन्द्र मिश्रा (कार्यपालन यंत्री) को भरोसे में लेकर पंचायतों में दस्तावेजों की मांग शुरू कर दी। न तो जिला कलेक्टर को सूचित किया गया, न ही जिला पंचायत के सीईओ को। अब क्या? — शासन को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए

**जांच की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठते हैं**

क्या खुद के कार्यों की जांच खुद करना स्वीकार्य है?
क्या ट्रैप हो चुका अधिकारी ईमानदारी से जांच कर सकता है?
क्या शासन जानबूझकर आंखें मूंदे बैठा है? इस पूरे मामले में अब जिले की संवेदनशील कलेक्टर शीतला पटले से अपेक्षा है कि वे तत्काल संज्ञान लेकरः

1. **जांच दल को तुरंत रोके**
2. **प्रेम कुमार कुशमारे व सनिल जैन को जांच दल से हटाने की अनुशंसा करें।**
3. **मुख्यालय भोपाल को लिखित में संपूर्ण प्रकरण से अवगत कराएं**

## निष्पक्ष जांच नहीं, तो भ्रष्टाचार का खुलेआम संरक्षण!

अगर इसी तरह ठेकेदार जांच अधिकारी बन जाएं, तो फिर जांच के नाम पर जनता की आंखों में धूल झोंकने से ज्यादा कुछ नहीं होगा। सरकार को चाहिए कि वह जांच की पुनर्समीक्षा कर निष्पक्ष टीम का गठन करे ताकि करोड़ों की लूट पर पर्दा नहीं, पदार्फाश हो ये खबर सिर्फ एक घोटाले की नहीं, शासन व्यवस्था के चरमराने की कहानी है। अगर अब भी आंखें मूंदी रहीं, तो सिवनी और मंडला जैसे जिलों में लोकतंत्र का गला घोंटा जाता रहेगा झ पंचायतें नहीं, नेताओं के ह्यपे-हबह्न बन जाएं।

दैनिक रेवांचल टाइम्स — निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक
डिंडोरी जिले में जिला ब्यूरो नियुक्त करना है और सभी ब्लॉक स्तर पर एजेंसी देना है पत्रकारिता के क्षेत्र में रुचि रखने वाले संपर्क करें
संवाददाता भी नियुक्त करना है
प्रबंध संपादक
अतुल कुमार
7415685293
7509202320
प्रधान कार्यालय
आदि प्लाजा की पीछे, फ्लैट न. 03
सी ब्लॉक, शताब्दीपुरम MR-4 रोड उखरी
जबलपुर म.प्र.

# पल्स पोलियो के विशेष अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों द्वारा किया गया सहयोग

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** शासकीय महाविद्यालय बरही में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस 12 अक्टूबर को लगाये गए विशेष शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया गया। जिसके तहत स्वयंसेवकों द्वारा ह्यदो बूंद हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकरार, दो बूंद जिन्दगी की, जरूर पिलाएं आदि नारों के माध्यम से अपने आस-पास के लोगों को उनके घर परिवार में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही पोलियों खुराक पिलाने हेतु बनाएं गए बूथों पर पहुंचकर पोलियो की खुराक पिलाने में सहयोग किया गया। जिससे कि हमारे देश को भविष्य में पोलियो से पूर्ण मुक्ति मिल सके। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि वर्तमान में भारत पोलियो मुक्त है।




क्या आप दाद-खाज़, खुजली से परेशान है?
अब आपके शहर सिवनी में सभी प्रकार के चर्म रोगों का उपचार सुप्रसिद्ध चिकित्सक द्वारा संभव
डॉ. हेमलता चांचरिया
BHMS, PGDCC, Cosmetologist
चर्म, केश, सौन्दर्य चिकित्सक
माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार सुबह 11 बजे से 2 बजे तक
दाद (दराद) खाज खुजली का ईलाज
* कील मुहाँसे का सफलतम ईलाज
* चेहरे का साँवलापन झाई एवं Chemical Peeling दाग धब्बे हटाये द्वारा
* तील एवं मस्सो का स्थाई ईलाज लेजर द्वारा
* चेहरे के अनचाहे बालों को हटाना बालों का झड़ना समय से पहले बाल सफेद होना गंजेपन का ईलाज (पी.आर.पी.) द्वारा
* सफेद दाग का सफल ईलाज दवाई एवं सर्जरी द्वारा।
* काली झाईयाँ, चेहरे के दाग धब्बे एवं गड्ढों का सफलतम ईलाज।
* एलर्जी, एग्जिमा, शरीर पर खुजली एवं सोरायसिस का सफल इलाज
* चेहरे के गड्ढे झुरियां एवं दाग का सफल ईलाज दवाई एवं Dermaroller द्वारा
रेवा फार्मेसी
पताः बरघट रोड़, गणेश चौक, सिवनी
Mob: 96696 52061, 88393 10065

# भगवान श्रीराम ने संबंधों को जाति, वर्ग या रूप से नहीं, हृदय की शुद्धता से जोड़ा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## महर्षि वाल्मीकि की वाणी से जो रामायण निकली वह केवल ग्रंथ नहीं भारत की है आत्मा

**सामाजिक समरसता ही राष्ट्र की सच्ची शक्ति**

**सफाईकर्मियों का कल्याण हमारी जिम्मेदारी, सरकार है आपके साथ**

**मानस भवन में मनाया गया महर्षि वाल्मीकि जयंती प्रकटोत्सव**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव "समरसता सम्मेलन" में हुए शामिल, सहभोज भी किया**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महर्षि वाल्मीकि ने श्रीराम के चरित्र 'रामायण' के रूप में मानवता को अनुपम उपहार दिया है। महार्षि वाल्मीकि की वाणी से जो रामायण निकली वह केवल ग्रंथ नहीं भारत की आत्मा है। उनकी रामायण में समरसता केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीता-जागता संदेश है। उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन के माध्यम से दिखाया कि ईश्वर की दृष्टि में सब समान हैं। भगवान श्रीराम ने निषादराज को मित्र बनाया, शबरी माता के झूठे बेर प्रेम से खाए, श्री हनुमान और वानर सेना को परिवार की तरह गले लगाया और धर्म युद्ध में सबको साथ लेकर चले। मुख्यमंत्री ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का आचरण हमें सिखाता है कि सच्ची समरसता वही है, जहां सबमें परमात्मा का अंश देखा जाए। उनका जीवन इसी भावना का मूर्त रूप है। भगवान श्रीराम के चरित्र को शब्दों में पिरोने वाले आदि कवि महर्षि वाल्मीकि अजर-अमर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती प्रकटोत्सव के अवसर पर भोपाल के मानस भवन में "समरसता सम्मेलन" को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और राज्यसभा सांसद एवं पीठाधीश्वर श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम, उज्जैन श्री बालयोगी उमेशनाथ महाराज ने दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि समाज के सतत विकास की पहली जरूरत सामाजिक समरसता है, जो साहचर्य और भाईचारे की भावना से जन्म लेती है। समरसता केवल एक विचार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। जब समाज आपसी सौहार्द, प्रेम और अपनत्व की भावना से मिल-जुलकर चलता है, तभी कोई राष्ट्र सशक्त और समृद्ध बनता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सच्ची समरसता वहीं है, जहां सबमें परमात्मा का अंश देखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने भारतीय संस्कृति को अनादिकाल से अविरल करने में महर्षि वाल्मीकि जी के योगदान को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने रामायण जैसी अमर कृति के माध्यम से न केवल मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन का चित्रण किया, बल्कि उस समय की सामाजिक व्यवस्था और मानवीय मूल्यों को भी प्रतिबिंबित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम का उलटा नाम निरंतर जपते-जपते वाल्मीकि महर्षि हो गए। डाकू रत्नाकर से ज्ञानी वाल्मीकि बनने तक की उनकी संघर्ष यात्रा तपस्या और आत्मसुधार की मिसाल है। महर्षि वाल्मीकि ने केवल श्रीराम का चरित्र नहीं लिखा, बल्कि उन्होंने मानवता का लेखन किया। रामायण सिर्फ एक ग्रंथ नहीं, सेवा, समरसता और करुणा का उत्तम उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने पिता-पुत्र संबंधों से लेकर अनुसूईया माता, शबरी माता, निषादराज, हनुमान, बाली-सुग्रीव जैसे चरित्रों के माध्यम से समाज में करुणा, निष्ठा, सेवा, सामाजिक समरसता, समानता और आत्मीयता का संदेश मंत्र दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि और उनकी रामायण आज एक-दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। रामायण ने न केवल राम कथा को अमर किया, बल्कि भारतीय संस्कृति के आदर्शों को भी अमरत्व प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता भारतीयों के लिए कोई बाध्यता नहीं, बल्कि यह हमारी आत्मा में, हमारे संस्कारों में और हमारे जीवनधारा में रक्त की तरह प्रवाहित होती है। उन्होंने कहा कि हम सुधरेंगे तो जग सुधरेगा, हमारे साधु-संतों, ऋषि-मुनियों, महर्षि-मनीषियों ने यही सिखाया है। यही वाक्य समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को वाल्मीकि समाजजनों ने सभी सफाईकर्मियों को नियमित करने सहित समाज विकास से जुड़ी अन्य मांगें प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी सफाईकर्मियों और स्वच्छता मित्रों का समग्र कल्याण हमारी जिम्मेदारी है। हमारा प्रयास है कि वाल्मीकि समाज के बच्चे पढ़-लिखकर उद्योगपति, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील और बड़े अधिकारी बनें। सरकार इन्हें हर जरूरी प्रोत्साहन देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर घड़ी आपके साथ है, वाल्मीकि समाज के विकास और कल्याण में हम कोई कमी नहीं रखेंगे। राज्यसभा सांसद एवं पीठाधीश्वर श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम उज्जैन श्री बालयोगी उमेशनाथ महाराज ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने पवित्र ग्रंथ "रामायण" की रचना की, जिसके माध्यम से उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन को जन-जन तक पहुँचाया। भगवान श्रीराम ने केवट को गले लगाकर और शबरी के झूठे बेर खाकर सामाजिक समरसता का उच्चतम उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी सामाजिक समरसता के भाव को सशक्त रूप से आगे बढ़ा रहे हैं। उनके द्वारा शुरू किया गया "स्वच्छ भारत मिशन" इसका जीवंत प्रमाण है, जिसमें उन्होंने स्वयं झाड़ू उठाकर स्वच्छता का संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सामाजिक समरसता के इस भाव को निरंतर गति प्रदान कर रहे हैं। वे समाज के हर वर्ग की छोटी से छोटी समस्या का समाधान पूर्ण पारदर्शिता और निष्ठा के साथ कर रहे हैं, जो सामाजिक एकता और समरसता भाव को और भी सुदृढ़ करता है। सम्मेलन के आरंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अखिल भारतीय वाल्मीकि सनातन धर्मसभा एवं मध्यप्रदेश वाल्मीकि एकता संघ द्वारा महर्षि वाल्मीकि जी का चित्र, रामायण एवं अभिनंदन पत्र भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। सम्मेलन के मुख्यमंत्री डॉ. यादव वाल्मीकि समाज के नागरिकों के साथ सहभोज भी किया।



# दो बूंद जिंदगी की, दो बूंद स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण की : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक पीने से वंचित न रहे**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तीन दिवसीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ**

**बच्चों को पिलाई पोलियो रोधी दवा**

**प्रदेश के 18 चयनित जिलों में 39.19 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो रोधी दवा**

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पोलियो की दो बूंदें न सिर्फ किसी बच्चे को जीवनभर के लिए सुरक्षित करती हैं, बल्कि यह एक स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण की नींव भी हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा पोलियो रोधी खुराक पीने से वंचित न रह जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पोलियो जैसी बीमारी एक बच्चे को आजीवन पराश्रित बना सकती है, इसलिए इसका पूर्णतः उन्मूलन हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 18 जिलों में चलाए जा रहे इस तीन दिवसीय अभियान में 64 हजार से अधिक वैक्सीनेटर्स 24 हजार से अधिक पल्स पोलियो बूथों के माध्यम से दवा पिलायेंगे। साथ ही अनिवार्य रूप से घर-घर जाकर भी बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी, जिससे हर बच्चा पोलियो से सुरक्षित होकर ताउम्र स्वस्थ रह सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 18 चयनित जिलों में लक्षित आयु वर्ग के 39 लाख 19 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार की सुबह मुख्यमंत्री निवास में तीन दिवसीय (12 से 14 अक्टूबर) पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 12 छोटे बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो-दो बूंदें पिलाकर टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी हर बार अपने छोटे बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाते रहे, तभी पोलियो के विरुद्ध हमारी जीत आगे भी जारी रहेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ और सशक्त भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में मध्यप्रदेश दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जनसहभागिता को इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि हर घर से सहयोग मिलेगा, तो हमारा प्रदेश निश्चित ही पूर्णतः पोलियो मुक्त मध्यप्रदेश बनेगा।

कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. सौरभ पुरोहित सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**इन 18 जिलों में पिलाई जाएगी पोलियो की दवा**

रविवार को प्रारंभ हुए अभियान में इन 18 जिलों में पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। 12 से 14 अक्टूबर तक प्रदेश के अनूपपुर, बैतूल, भिंड, भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, देवास, ग्वालियर, नर्मदापुरम, जबलपुर, कटनी, खण्डवा, खरगौन, मंडला, मंदसौर, मुरैना, नरसिंहपुर एवं नीमच जिले में पल्स पोलियो अभियान के तहत छोटे बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी।

# समान काम-समान वेतन की मांग पर भोपाल में प्रदर्शन

### आंबेडकर पार्क में जुटे आउटसोर्स कर्मचारी, बोले- सरकार को आउटसोर्स कंपनियों से खास प्रेम



भोपाल। मध्य प्रदेश के बैंक मित्र, पंचायत चौकीदार, पंप ऑपरेटर, अंशकालीन भृत्य, राजस्व सर्वेयर, आउटसोर्स और अस्थायी कर्मचारी रविवार को भोपाल में एक मंच पर जुटे। सभी संगठनों ने मिलकर तुलसी नगर स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में प्रदर्शन किया। आल डिपार्टमेंट आउटसोर्स, अस्थायी, अंशकालीन, ग्राम पंचायत कर्मचारी संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के बैनर तले हो रहे इस आंदोलन को "महाक्रांति रैली" नाम दिया है।

संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने कहा, यह आंदोलन किसी एक वर्ग का नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के उन कर्मचारियों की साझा आवाज है जो वर्षों से अस्थिर रोजगार और आर्थिक अन्याय झेल रहे हैं। सरकार को यह समझना होगा कि कर्मचारियों की मेहनत और निष्ठा का सम्मान ही सुशासन की पहचान है। हम केवल वादे नहीं, अपने अधिकार की गारंटी चाहते हैं। उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश में पूरा सरकारी सेक्टर अब ठेकेदारों और आउटसोर्स कंपनियों के हवाले कर दिया गया है। सरकारी व्यवस्थाएं स्थायी कर्मचारियों के बजाय अस्थायी आउटसोर्स कर्मचारियों से चलाई जा रही हैं। क्लास 3 और क्लास 4 जैसे पद, जिन पर सबसे ज्यादा सरकारी नौकरियां होती थीं, अब सभी आउटसोर्स कर दिए गए हैं। बैंक सेवा केंद्रों में भी निजी कंपनियां काम कर रही हैं। पंचायतों में जो चौकीदार तैनात हैं, उन्हें मात्र तीन हजार रुपए प्रतिमाह वेतन मिलता है। इसी तरह सीएम राइज स्कूलों, वल्लभ भवन और सतपुड़ा भवन जैसी प्रमुख जगहों पर भी सभी नियुक्तियां आउटसोर्स के जरिए की जा रही हैं।

**हाईकोर्ट में लगाएंगे याचिका**

वासुदेव शर्मा ने कहा कि सरकार को ठेकेदारों और आउटसोर्स कंपनियों से खास प्रेम है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार, सभी कर्मचारियों को समान कार्य के लिए समान वेतन मिलना चाहिए। मध्यप्रदेश में न्यूनतम वेतन देश में सबसे कम है, जिसे बढ़ाकर ?21,000 प्रति माह किया जाना चाहिए। लाखों कामगारों के साथ जो अन्याय हो रहा है, उसी के विरोध में हम इकट्ठा हुए हैं।

# बैतूल में 1.68 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो खुराक

**बैतूल।** बैतूल में पल्स-पोलियो अभियान का रविवार को शुभारंभ किया गया। चिकित्सा शिक्षा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने जिला चिकित्सालय में नवजात बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर इस अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे भी उपस्थित थे। मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बताया कि पड़ोसी देशों में पोलियो का संक्रमण अभी भी जारी है।

# छिंदवाड़ा सिरप कांड; परिजनों ने कमलनाथ को रोते-बिलखते बताया दर्द

## देरी से आने पर पूर्व सीएम बोले- सामना करने की हिम्मत नहीं थी, भीड़ नहीं लगवाना था



छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व सांसद नकुलनाथ रविवार को जहरीले कफ सिरप कांड के पीड़ित परिवारों से मिलने परासिया पहुंचे। उन्होंने कहा, पूरी घटना सरकार की लापरवाही का नतीजा है। सरकार ने प्रतिबंधित दवाई खरीदी। कफ सिरप में जहरीला तेल मिला था। इस मामले में अन्य डॉक्टरों पर भी एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। परिजन को रोते हुए देखकर कमलनाथ भी भावुक हो गए। देरी से आने पर उन्होंने कहा, मुझमें आप लोगों का सामना करने की हिम्मत नहीं थी, इसलिए पहले जीतू पटवारी और उमंग सिंघार को भेजा था। यहां भीड़ नहीं लगवाना चाहता था। मैं इस दुख को सहन नहीं कर पा रहा था। मैं हर संभव मदद के लिए तैयार हूं।

**रोते-बिलखते परिजन ने अपना दर्द बताया :** कमलनाथ और नकुलनाथ ने रविवार सुबह उत्सव मैरिज लॉन में जान गंवाने वाले बच्चों के परिजनों से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने सबसे पहले मृत बच्चों की तस्वीरों पर फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कई परिजन अपने बच्चों की मौत का दर्द बताते हुए रो पड़े। मृतक अदनान के परिजनों ने बताया कि इलाज के दौरान बच्चों को काफी तकलीफ झेलनी पड़ी थी, यह सुनते ही वहां मौजूद लोगों की आंखों से आंसू बहने लगे।

**छिंदवाड़ा सांसद को दी चुनौती :** मुआवजे के सवाल पर कमलनाथ ने कहा, हमने सरकार से प्रत्येक पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की थी। छिंदवाड़ा सांसद बंटी साहू मेरे आने पर सवाल उठा रहे हैं। अगर उन्हें सच में पीड़ितों का दर्द समझ में आता है, तो वे खुद प्रदेश सरकार से बात करके 50 लाख रुपए दिलवाएं। नकुलनाथ ने कहा कि न्याय की लड़ाई में पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने स्थानीय विधायक सोहन वाल्मीकि से कहा कि वे लगातार पीड़ित परिवारों के संपर्क में रहें और किसी भी तरह की जरूरत होने पर तुरंत मदद पहुंचाएं।

**विशेष विमान से छिंदवाड़ा पहुंचे दोनों नेता :** दोनों नेता सुबह 10:30 बजे दिल्ली से विशेष विमान से छिंदवाड़ा की इमलीखेड़ा हवाई पट्टी पहुंचे। सुबह 11:15 बजे हेलीकॉप्टर से परासिया आए। 11:20 से 11:40 तक उत्सव मैरिज लॉन में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। 11:40 से 12:00 बजे तक मीडिया से बात कर वापस छिंदवाड़ा के लिए रवाना हुए।

**तीन दिवसीय दौरे पर हैं दोनों नेता :** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और नकुलनाथ तीन दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा आए हैं। पहले दिन उन्होंने परासिया में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। सोमवार, 13 अक्टूबर को दोनों नेता जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मंगलवार, 14 अक्टूबर को वे निर्धारित कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद छिंदवाड़ा से रवाना होंगे।

# मुख्य सचिव जैन ने मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट के बी-2-बी इवेंट और प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

## प्रदेश के स्थानीय ग्रामीण परिवेश को जीवंत प्रदर्शनी "विलेज वाइब्स" के माध्यम से प्रदर्शित करने पर की प्रशंसा



भोपाल। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने आज एमवीएम ग्राउंड में मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट में आयोजित बी-2-बी (बिजनेस-टू-बिजनेस) इवेंट एवं प्रदर्शनी का औपचारिक शुभारंभ किया। इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए व्यावसायिक संबंधों को सुदृढ़ करना है। साथ ही मुख्य सचिव श्री जैन ने मध्यप्रदेश पर्यटन के पेवेलियन और प्रदेश के ग्रामीण पर्यटन की जीवंत प्रदर्शनी "विलेज वाइब्स" का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रख्यात अभिनेता श्री रघुवीर यादव तथा अपर मुख्य सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति श्री शिवशेखर शुक्ला भी उपस्थित थे।

मुख्य सचिव श्री जैन ने प्रदेश के स्थानीय ग्रामीण परिवेश को जीवंत प्रदर्शनी "विलेज वाइब्स" के माध्यम से प्रदर्शित करने पर प्रशंसा की। उन्होंने महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षित बालिकाओं से संवाद किया। साथ ही ग्रामीण किचन की प्रतिरूप "मां की रसोई", ब्लॉक प्रिटिंग, सुविनियर शॉप, चंदेरी साड़ी वीविंग, लाइव गोंड पेंटिंग के लाइव डेमो का अवलोकन किया। मुख्य सचिव श्री जैन का परंपरागत ढोल और बांसुरी बजाकर स्वागत किया गया।

मुख्य सचिव श्री जैन ने बी-2-बी इवेंट में विशेष रूप से स्थान दिए गए प्रदेश के ग्रामीण होमस्टे संचालकों से मिले। ग्रामीण परिवेश के होमस्टे संचालकों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय टूर और ट्रैवल ऑपरेटर के साथ संवाद और बिजनेस अवसर उपलब्ध कराने की सराहना की। वनराज होमस्टे, पलाश विला पेंच, ज्यांशी होमस्टे, वेदिका हिल होमस्टे और ग्रैंड नर्मदा होमस्टे सहित विभिन्न होमस्टे संचालकों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उनके सुविनियर उत्पाद देखे और प्रयासों की प्रशंसा की। मुख्य सचिव श्री जैन ने विदेशी और भारतीय टूर ऑपरेटरों, होटल प्रतिनिधियों और निवेशकों से मुलाकात कर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्हें मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट में आने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही मध्यप्रदेश में पर्यटन को बढ़ाने के लिए आग्रह भी किया। मुख्य सचिव श्री जैन ने प्रदर्शनियों और स्टॉल्स का अवलोकन किया एवं प्रतिभागियों से संवाद करते हुए प्रदेश की नई पर्यटन नीति, निवेश के अवसरों और आगामी योजनाओं की जानकारी साझा की। इस अवसर पर प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम डॉ. इलैया राजा टी, अपर प्रबंध संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड सुश्री बिदिशा मुखर्जी सहित पर्यटन विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में अंतर्राष्ट्रीय और डोमेस्टिक टूर, ट्रैवल ऑपरेटर और होटलियर उपस्थित रहें।

मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट का बी-2-बी (बिजनेस-टू-बिजनेस) इवेंट एक महत्वपूर्ण व्यापारिक मंच है। इसका मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश के टूर ऑपरेटर्स, होटल मालिकों (विक्रेता) को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ट्रैवल एजेंटों (खरीदार) से सीधे जोड़ना है। इस इवेंट में पूर्व-निर्धारित बैठकों के माध्यम से व्यापारिक समझौते और साझेदारियां की जाती हैं। यह राज्य के विविध पर्यटन स्थलों, जैसे वन्य जीव, विरासत और नए गंतव्यों को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है, जिससे खरीदार आकर्षक टूर पैकेज बना सकें। इसका लक्ष्य राज्य में पर्यटकों की संख्या बढ़ाकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देना है।

# दुर्दशा का शिकार हुआ मुक्तानंद संस्कृत विद्यालय

## समीति की उदासीनता दंश झेल रहे छात्र : जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर छात्र



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** नगर में स्थापित प्राचीन मुक्तानंद संस्कृत पाठशाला जिसका निर्माण सन्- 1968 में पूर्व शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महराज के नाम पर ब्राह्मणों के बच्चों को संस्कृत के अध्ययन के साथ साथ वेद, पुराण, के अध्ययन कराने के लिए प्रारंभ किया गया था जिसमें अध्ययन कर प्रकांड विद्वान जो आज द्वारका शारदा पीठाधीश्वर के शंकराचार्य है अनेकों ने शिक्षा ग्रहण कर जिले का नाम प्रदेश के साथ देश विदेश में ख्याति प्राप्त की उसी प्राचीन पाठशाला की समय के साथ स्थिति जीर्ण शीर्ण होकर दुर्दशा के आंसू बहा रहा है और मजबूर छात्र भय के माहौल मे धर्म की शिक्षा का अध्ययन करने के लिए मजबूर बने हुए है।

### समीति ने दिखाई उदासीनता

मुक्तानंद संस्कृत विद्यालय के संचालन के लिए गठित समिति की उदासीनता के कारण विद्यालय जीर्ण शीर्ण हो गया। समीतिद्वारा कोई मरम्मत कार्य नहीं करवाए जाने के कारण शिक्षा ग्रहण कर रहे बटुकों के लिए खतरे को देखते हुए नगर के प्रबुद्ध जनों ने समिति से जीर्णोद्धार के लिए ध्यानाकर्षण कराया इससे बात नहीं बनी तब सभी ने बैठक कर समिति अध्यक्ष से जब भी उक्त संबंध में बात करनी चाही बैठक में बुलाया कुछ ना कुछ बहाना कर किनारा काट लिया गया विगत पखवाड़ा में सभी लोग मिलकर अध्यक्ष के घर पहुंचे जिस पर अध्यक्ष द्वारा सहमति जताते हुए सभी का मनोबल बढ़ाते हुए बात कही गई लेकिन 3 से 4 बैठकें हो जाने लगातार समिति से संपर्क के बाबजूद विगत 3 माह में कोई निष्कर्ष नहीं निकला।

### जिले के लिए विरासत है विद्यालय

मुक्तानंद संस्कृत विद्यालय समिति के अध्यक्ष सुमित रंजन झिरा इस शहर ही नहीं अपितु जिले के समृद्ध शाली लोगों में गिने जाते हैं इनके पास पूर्वजों की अरबों खरबों की चल अचल संपति के मालिक हैं बहुत ही धनाढ्य परिवार के साथ संभ्रांत परिवार से है पूर्वजों से सम्मानित परिवार के सदस्य जो सदैव धर्म निष्ठा से जुड़े रहने के कारण कृष्ण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष तथा विद्यालय के अध्यक्ष की जिम्मेदारी मजबूत हाथों में सौंपी गई थी। जो जिले की विरासत है। लेकिन समय की बलिहारी कहे या कलयुग का असर सब कुछ होते हुए दोनो स्थान कृष्ण मंदिर एवं विद्यालय की स्थिति बद से बदतर हो जाने लोगों द्वारा बोले जाने के बावजूद अध्यक्ष का इस ओर कोई रुचि नहीं ली जा रही है जिस पर भी लोगों का कहना है कि सिर्फ जीर्णोद्धार के लिए हमे मौका दिया जाए। हम सामाजिक सहयोग से राशि एकत्र कर यह कार्य करवा देते हैं लेकिन किसी भी रूप में ना कार्य करवाने की चेष्टा कर रहे हैं और ना सहमति दी जा रही है इससे कही ना कहीं मनोविकार की स्थिति बन रही है समिति के सदस्यों की क्या मंशा है इसका खुलासा भी नहीं किया जा रहा और ना ही कार्य की अनुमति दी जा रही जिससे लोग अलग अलग कयास लगाने लगे हैं इससे झिरा परिवार की जो प्राचीन प्रतिष्ठा संपन्नता है उस पर सवाल उठ रहे हैं क्योंकि इनके वर्चव्य के सामने यह कार्य एक चींटी की भांति है।

### उदासीनता पर उठ रहे सवाल

विद्यालय की हालत बिगड़ने से विद्या अध्ययन करने वाले बच्चों को संख्या कम होती जा रही है निर्माण कार्य ना करवाने में समिति की मजबूरी है या कुछ और योजना बना कर बैठे है। जबकि विद्यालय समिति में नगर ही नहीं जिले के जाने माने चेहरे है जिसमें अध्यक्ष सुमित रंजन झिरा, अमित कुमार भारद्वाज उपाध्यक्ष, सचिव राजकिशोर नेमा, सदस्य शुभकरण शर्मा सुरेश कुमार दीक्षित,कमल कुमार कृषक, आलोक तिवारी, दिलीप भाई मानसाता, भगवानदास शास्त्री, मुकेश पचैरी है। इनमें से कुछ का स्वर्गवास हो चुका है जो लोग मौजूद हैं वह सभी प्रकार से सक्षम होने के बावजूद विद्या के मंदिर जो उनके हाथ में होने के बावजूद ध्यान नहीं दिया जाना कई सवाल उठा रहा है इससे इनकी छवि पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है।



# अवनि ने जीता कास्य पदक

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** विगत दिवस जगदलपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता मे कांस्य पदक हासिल कर जिले के गौरव को बढ़ाया। ज्ञात हो कि अवनि राजपूत जिले के ग्राम सिंहपुर निवासी कैलाश सिंह राजपूत की पौत्री और रत्नाकर सिंह राजपूत की पुत्री है। उक्त प्रतियोगिता डीएवी स्कूल छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होकर कांस्य पदक जीता है। यह पदक उनको डिस्कस थ्रो में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मिला है। एक छोटे से गाँव से निकलकर राज्य स्तर तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराना और पदक जीतना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। अवनि बचपन से ही शिक्षा और खेलकूद में शिखर पर रहती हैं। राजपूत परिवार में शिक्षा, संस्कार और खेलकूद के प्रति समर्पित प्रयास एवं उपलब्धियाँ सदा सराहनीय रहीं हैं। इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।



## पत्रकारों ने किया प्रभारी मंत्री की पत्रकार वार्ता का वहिष्कार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** शनिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की पत्रकार वार्ता का पत्रकारों ने बहिष्कार कर दिया। उक्त संबंध पत्रकारों द्वारा बताया गया कि प्रभारी गोविंद सिंह राजपूत द्वारा भावांतर योजना को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजित की गई थी। पत्रकार वार्ता के लिए पहले साढ़े चार बजे का समय दिया गया उसके बाद पुनः संशोधन कर साढ़े पांच बजे कर दिया जनसंपर्क अधिकारी की सूचना पर पत्रकार निर्धारित समय में पहुंच गए लेकिन पत्रकार वार्ता 6 बजे तक प्रारंभ नही की गई। जिसे लेकर पत्रकारों में रोष व्याप्त हो गया और पत्रकारवार्ता का बहिष्कार कर दिया गया।

# फौजी की पत्नि ने वीडियों कॉल कर तोड़ा करवाचैथ का व्रत

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** विगत दिवस पूरे जिले मे करवा चौथ की धूम रही। पति की लंबी उम्र और दांपत्य जीवन की सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाने वाला आस्था का पर्व करवा चौथ जिले भर में भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने दिन भर निर्जला व्रत रखा और रात को चंद्रमा के दर्शन के बाद विधि-विधान से पूजा कर अपना व्रत पूरा किया। शाम होते ही, शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक महिलाओं ने श्रृंगार किया और पारंपरिक वेशभूषा में पूजा की तैयारी शुरू कर दी। महिलाओं ने एक साथ एकत्रित होकर करवाचैथ की कथा सुनी, जिसके बाद उन्हें बेसब्री से चांद के निकलने का इंतजार था। देर रात



जैसे ही चंद्रमा ने दर्शन दिए, महिलाओं ने अपनी-अपनी छतों और आंगन में एकत्रित होकर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने चंद्रमा को अर्घ्य दिया, जिसके बाद छलनी से पहले चांद को और फिर अपने पति के चेहरे को देखा। इसके बाद पति ने पत्नी को जल पिलाकर और मिठाई खिलाकर व्रत खुलवाया। यह पर्व पति-पत्नी के अटूट बंधन और प्रेम का प्रतीक है। मिली जानकारी के अनुसार नीतू शुक्ला द्वारा वीडियो कॉल के माध्यम से अपने फौजी पति जितेन्द्र शुक्ला के दर्शन कर व्रत को पूर्ण किया। बताया गया कि श्री शुक्ला भारतीय सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत है। वही साधारण परिवार की महिलाओं द्वारा चांद के बाद अपने पति का दीदार कर व्रत को पूर्ण किया।

## सांदीपनि विद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय संदीपनी विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर के निर्देशन एवं सी.एम. एच.ओ डॉ मनीष मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। जिला हॉस्पिटल से जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील पटेल, शहरी पी.एच.सी.इंचार्ज डॉ प्रदीप मेहरा, शहरी आय बी आर .ए .बी. एस के मेडिकल मोबाइल टीम प्रभारी डॉ अमित सोनी व श्रीमती डॉ गौरीष सोनी, जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर के मुकेश रघुवंशी ने बालिका दिवस के विभिन्न पहलुओं एवं स्वास्थ्य से संबंधी ज्ञानवर्धक बिन्दुओं पर छात्राओं से चर्चा की। साथ ही स्टाफ नर्स कल्पना बागरी, रश्मि मुड़िया, पुष्पा रैकवार और आशा कार्यकर्ता निधि साहू का कार्यक्रम में सहयोग रहा। विद्यालय की शिक्षिका विनीता सराठे. ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कविता पाठ किया। कुशल मंच संचालन मनोज वैष्णव एवं आभार प्रदर्शन दिव्यश्री साहू ने किया।

## नशा मुक्ति की दिलाई शपथ



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में ब्रह्माकुमारी मेडिकल विंग गोटेगांव के तत्वाधान में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी गई। तत्पश्चात विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## मेडिकल दुकानों की हुई जांच




**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीष कुमार मिश्रा द्वारा जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया। नगर के पार्वती मेडिकल स्टोर सुभाष पार्क के पास एवं रत्नेश मेडिकल स्टोर जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर के सामने की का निरीक्षण किया गया तथा दवा दुकान संचालकों को निर्देश दिए गए।



# संगठन मंत्री दबे ने अटल टिंकरिंग लैब का अवलोकन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत दिवस विद्या भारती महाकोशल प्रांत संगठन मंत्री अमित दवे तथा प्रांत प्रकल्प प्रमुख व जबलपुर संभाग प्रभारी इंदल पटैल का विद्यालय में प्रवास हुआ। संगठन मंत्री दवे ने अटल टिंकरिंग लैब का अवलोकन किया तथा आचार्यो का मार्गदर्शन करते हुए नवाचार पर बल देने तकनीकी ज्ञान को शिक्षा व्यवस्था में शामिल करने तथा सरस्वती शिक्षा परिषद के द्वारा संचालित किये जाने वाले आगामी कार्यक्रमों की व्यापक जानकारी दी। प्रांत प्रकल्प प्रमुख माननीय पटैल ने जिले के नगरीय एवं ग्रामीण विद्यालय के सप्त शक्ति संगम के पदाधिकारियों की बैठक के माध्यम प्राचार्य, प्रधानाचार्य एवं मातृशक्ति को मार्गदर्शन प्रदान किया। संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर ने मार्गदर्शित निर्धारित बिन्दुओं को शामिल करने के लिए आचार्य परिवार को निर्देशित किया।

**खेल/व्यापार**

# अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 81 रनों से हराया

## सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त



अबू धाबी। इब्राहिम जदरान (95) की बेहतरीन पारी के बाद कप्तान राशिद खान (पांच विकेट) और अजमतउल्लाह ओमरजई (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में 81 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ अफगानिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश को ओमरजई और राशिद खान के कहर का सामना करना पड़ा। अफगानिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगलादेश की पारी टीम 28.3 ओवरों में 109 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। अफगानिस्तान ने 81 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। मो. तौहीद दोय ने बांग्लादेश के लिए सर्वाधिक 24 रन बनाए। इसके आलवा सैफ हसन (22), जाकेर अली (18) और नरुल हसन (15) दहाई आंकड़े वाले बल्लेबाज रहे। अफगानिस्तान के इब्राहिम जदरान को उनकी 95 रनों की शानदार पारी के लिए ह्यप्लेयर ऑफ द मैचह्न से नवाजा गया। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने पांच विकेट लिये। अजमतउल्लाह ओमरजई को तीन विकेट मिले। नांगेलिया खरोटे ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अफगानिस्तान ने शनिवार रात खेले गये मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान को बंगलादेश के गेंदबाजों ने 44.5 ओवरों में 190 के स्कोर पर समेट दिया। इब्राहिम जदरान ने अफगानिस्तान के लिए 95 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। उन्होंने अपनी इस धैर्यपूर्ण पारी 140 गेंदों का सामना किया तथा तीन चौके और एक छक्का भी लगाया। मोहम्मद नबी (22), ए एम गजनफर (22), नांगेलिया खरोटे (13) और रहमानउल्लाह गुरबाज (11) दहाई आंकड़े वाले बल्लेबाजों में शामिल रहे। बंगलादेश के लिए मेंहदी हसन मिराज ने तीन विकेट लिये। तंजीम हसन साकिब और रिशाद हुसैन को दो-दो विकेट मिले। तनवीर इस्लाम ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारत-कनाडा के व्यापार मंत्रियों ने आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की



नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को अपने कनाडाई समकक्ष मनिंदर सिद्धू के साथ दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। गोयल ने एक्स पर पोस्ट किया, हमने अपने व्यवसायों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी अवसर खोजने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने आगे कहा, मैंने इस बात पर जोर दिया कि भारत और कनाडा के बीच आर्थिक, व्यापारिक और निवेश संबंध आपसी सम्मान, विश्वास और संतुलन के सिद्धांतों पर आधारित होने चाहिए। कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री ने पोस्ट किया कि उन्होंने भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के साथ आर्थिक जुड़ाव को मजबूत करने और दोनों देशों के बीच संपर्क बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा, हम साथ मिलकर स्वच्छ प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, कृषि, महत्वपूर्ण खनिजों और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में नए व्यापार अवसरों की तलाश कर रहे हैं।

# स्वास्तिक हॉस्पिटल पर गंभीर आरोप — गलत खसरा नंबर दिखाकर नक्शा स्वीकृत, नियमों की उड़ाई धज्जियाँ!

## प्रदूषण फैलाने वाले कम्प्रेशर व मशीनें सार्वजनिक मार्ग पर, बुजुर्गों को हो रही परेशानी




### ■ अवैध निर्माण, रास्ता बंद, पार्किंग नदारद — नागरिकों का जीवन संकट में

### ■ टाउन एंड कंट्री, नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और शासन से जांच की माँग

**रेवांचल टाइम्स विशेष रिपोर्ट जबलपुर।** विजयनगर थाना क्षेत्र के आई.टी.आई रोड स्थित स्वास्तिक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर एक बार फिर सवालों के घेरे में है। अस्पताल के संचालकों – अशोक साहू, संतोष साहू और कृष्ण कुमार साहू – पर आरोप है कि उन्होंने गलत खसरा नंबर दर्शाकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से नक्शा स्वीकृत कराया और फिर पूरी तरह से अन्य भूमि पर निर्माण कार्य कर दिया।

### मामला क्या है

वर्ष 2011 में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग, जबलपुर ने खसरा नंबर 202/3 और 204/16 पर भवन निर्माण की स्वीकृति दी थी।

लेकिन, अस्पताल प्रबंधन ने निर्माण खसरा नंबर 202/11 और 204/34 पर कर लिया – जो पूरी तरह से अवैध माना जा रहा है।

राजस्व अभिलेखों में यह भूमि श्रीमती दुर्गेश साहू पति जयराम साहू एवं स्व. प्यारेलाल साहू के नाम दर्ज है, परंतु अस्पताल संचालकों ने गलत विवरण देकर सरकारी अधिकारियों को भ्रमित किया और अनुमति हासिल कर ली।

### स्वीकृत नक्शे का उल्लंघन — फायर सेफ्टी मार्ग तक गायब

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों के अनुसार अस्पताल जैसी गैर-आवासीय इमारतों में चारों ओर 6 मीटर खुला स्थान एवं फायर सेफ्टी एक्सेस रोड अनिवार्य होता है। लेकिन स्वास्तिक हॉस्पिटल में न तो सेफ्टी मार्ग छोड़ा गया है, न ही पार्किंग की कोई व्यवस्था की गई है।

नगर निगम की भवन शाखा ने वर्ष 2011 में ही अस्पताल को म.प्र. नगर पालिका अधिनियम, 1956 की धारा 307(2) के अंतर्गत नोटिस जारी किया था, जिसमें लिखा था कि

■ स्वीकृति से अतिरिक्त एवं प्रयोजन विरुद्ध निर्माण किया गया है, भवन अस्पताल उपयोग हेतु उपयुक्त नहीं है।

फिर भी, नगर निगम ने आगे कोई कार्रवाई नहीं की।

रास्ता बंद, प्रदूषण बढ़ा – शिकायतकर्ता का आवागमन अवरुद्ध




### शिकायतकर्ता एडवोकेट दीपांशु साहू ने बताया कि

हमारे घर (मकान क्रमांक 3047/202) से निकलने का रास्ता स्वास्तिक अस्पताल के बाजू से होकर जाता है। पिछले 25 वर्षों से यही हमारा नियमित मार्ग है। अस्पताल संचालकों ने इस सार्वजनिक मार्ग पर भारी ए.सी. कम्प्रेशर, गैस यूनिट व मशीनें लगा दी हैं, जिससे आवागमन बंद हो गया है। इन मशीनों से ध्वनि एवं वायु प्रदूषण भी फैल रहा है।

### स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार

हमारे बच्चे सुबह स्कूल जाते समय मुंह में रुमाल रखना पड़ता हैं, आवाज मशीनों की घर तक नहीं नहीं आती हमारा घर पीछे है लेकिन स्वास्तिक हॉस्पिटल के बाजू से रास्ता है जो नाले जैसा कर दिया हे हम लोगों ने कई बार रास्ता बनाया है लेकिन स्वास्तिक हॉस्पिटल वाले उस रास्ते में काली मिट्टी डाल देते है कि हम लोग गिर जाए और चारों तरफ गंदगी है हम लोग खुद ड्ड१ड्डल्लं या अन्य बीमारी हो जाएं....

### कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन

शिकायत में बताया गया है कि अस्पताल द्वारा निम्न अधिनियमों और धाराओं का उल्लंघन किया गया है –

| क्रमांक | अधिनियम / नियम | संबंधित धारा | उल्लंघन का स्वरूप |
|---|---|---|---|
| 1 | म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 | धारा 30, 33, 34 | स्वीकृत योजना के विपरीत निर्माण |
| 2 | म.प्र. भूमि विकास नियम, 1984 | नियम 31, 42, 43 | खुला स्थान और फायर मार्ग न छोड़ना |
| 3 | भारतीय न्याय संहिता, 2023 | धारा 318, 336, 338, 340 | धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज का उपयोग |
| 4 | वायु (रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 | धारा 21, 22 | बिना अनुमति प्रदूषण फैलाना |
| 5 | Noise Pollution (Regulation & Control) Rules, 2000 | नियम 3, 4 | आवासीय क्षेत्र में अधिक शोर स्तर |

### आग लगने की स्थिति में बड़ा हादसा संभव

अस्पताल परिसर में मुख्य द्वार पर वाहनों की पार्किंग व मशीनें लगी हैं, जिससे आपातकालीन स्थिति में मरीजों और नागरिकों को बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है। अग्निशमन विभाग के नियमों के अनुसार यह स्थिति Fire & Life Safety Norms के गंभीर उल्लंघन की श्रेणी में आती है।

### शिकायत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तक पहुँची

शिकायत की प्रतिलिपियाँ प्रधानमंत्री कार्यालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य, आयुक्त, कलेक्टर, नगर निगम, टाउन एंड कंट्री, और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित 11 विभागों को भेजी गई हैं।

### शिकायतकर्ता ने मांग की है कि —

1. स्वीकृत नक्शे और वर्तमान निर्माण की जाँच कराई जाए।
2. अवैध निर्माण को निरस्त / ध्वस्त किया जाए।
3. बंद रास्ते को तुरंत खुलवाया जाए।
4. प्रदूषण फैलाने वाली मशीनों को हटाया जाए।
5. दोषियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318, 336, 338, 340 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाए।
6. जांच पूरी होने तक अस्पताल के विस्तार व संचालन पर रोक लगाई जाए।




### शिकायतकर्ता का कहना — यह सिर्फ मेरा नहीं, पूरे मोहल्ले का मामला है

स्वास्तिक हॉस्पिटल के पीछे सिर्फ हमारा निवास है लेकिन आजू बाजु भी कई परिवार रहते है अगर आग लग जाए तो सभी मुश्किल में आ जायेगे.

**एडवोकेट दीपांशु साहू, शिकायतकर्ता**

### प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

नगर निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अधिकारियों की निष्क्रियता पर भी गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं।

### विशेषज्ञों का कहना है कि —

यदि किसी भी संस्थान ने स्वीकृत नक्शे से अलग निर्माण किया है, तो अनुमति स्वतः निरस्त मानी जाती है। ऐसे में अस्पताल का संचालन गैर-कानूनी है।

अवैध निर्माण पर कार्रवाई न हुई तो बनेगा सिस्टम की नाकामी का उदाहरण स्वास्तिक हॉस्पिटल प्रकरण न केवल नगर निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह है, बल्कि यह आम नागरिकों के जीवन और सुरक्षा से भी जुड़ा मुद्दा है। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इस पर सख्त कदम उठाता है या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।










इस मामले पर मुझे कोई जानकारी नहीं है। मुझे सीएमएचओ कार्यालय या कोई भी कार्यालय से कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। अभी तक ना कोई शिकायत आई है...और सीएमएचओ साहब ने सारी चीजों को ओके करके दिया है मुझे की मेरे हॉस्पिटल में कोई भी कमी नहीं है सारे नियमों का पालन में कर रहा हूं।

**कृष्ण कुमार साहू, अस्पताल संचालक**

# शहपुरा में किया गया मिठाई दुकानों का निरीक्षण



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निदेशानुसार अनुविभागीय दण्डाधिकारी शहपुरा मदन सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में गठित गरुड़ दल ने आज शनिवार को शहपुरा स्थित मिठाई निमार्ताओं एवं विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया तथा खोवा एवं खोवा से बनी मिठाइयों के दस नमूने परीक्षण हेतु लिये। गरुण दल द्वारा जिन मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया गया, उनमें बीकानेर मिष्ठान भंडार, ड्रीम राज मिष्ठान भंडार, होटल स्ट्रीट ड्रीम, विश्वकर्मा होटल एवं मातेश्वरी होटल शामिल हैं। सभी नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल प्रेषित किए जा रहे हैं।

# पहले दिन 81 फीसदी बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा

### कलेक्टर ने रानी दुर्गावती चिकित्सालय में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने जिले में आज रविवार से प्रारंभ हुये राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तीन दिनों के अतिरिक्त चरण के पहले दिन 80. 98 फीसदी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। पहले दिन पोलियो की दवा पीने से छूट गए बच्चों को सोमवार और मंगलवार को घर-घर जाकर दवा पिलाई जायेगी। पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण का शुभारंभ कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने रानी दुर्गावती चिकित्सालय में बच्चों एवं नवजात शिशुओं को पोलियो की वैक्सीन पिलाकर किया। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम राम प्रकाश अहिरवार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा अनुविभागीय राजस्व अधिकारी जबलपुर अभिषेक सिंह एवं रानी दुर्गावती चिकित्सालय की अधीक्षक डॉ नीता पाराशर एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विनोद गुप्ता मौजूद रहे। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण में जिले में 5 वर्ष तक की आयु के 3 लाख 89 हजार 454 बच्चों को पोलियो की वैक्सीन देने का का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के पहले दिन इन बच्चों को दवा पिलाने के लिये जिले में 2 हजार 476 पोलियो बूथ बनाये गये थे इनमें बी टाईप के 2हजार 268, सी टाइप के 78 तथा 31 मोबाइल बूथ एवं 99 ट्रांजिट बूथ शामिल हैं। बरगी बांध अंतर्गत डूब क्षेत्र में मोटर वोट से वैक्सीनेटर टीम को भेजा गया। अभियान के पहले दिन रविवार को 3 लाख 15 हजार 389 बच्चों को पोलियो बूथ पर दवा पिलाई गई जो कुल लक्ष्य का 80 .98 है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सभी वैक्सीनेटर टीम को अभियान के पहले दिन पोलियो बूथ पर आकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने वाले सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर ने पहले दिन पोलियो वैक्सीन लेने से छूट गये बच्चों को अभियान के दूसरे दिन सोमवार 13 अक्टूबर एवं तीसरे दिन मंगलवार 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर पोलियो की वैक्सीन पिलाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने पोलियो की दवा पिलाने मोबाइल टीम में तैनात कर्मचारियों को दूरस्थ क्षेत्रों, श्रमिकों की बस्तियों, कंस्ट्रक्शन साइट एवं ईट भट्ठा, क्रेशर आदि स्थानों पर शत-प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाने विशेष ध्यान देना होगा।

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील आधारताल जबलपुर**
**रा.प.क्र./340/6/2025-2026**
**जबलपुर, दिनांक 9/10/25**
**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लालबाबू उपाध्याय अन्य पिता जनार्दन उपाध्याय निवासी शिव नगर रेल्वे क्रासिंग गढ़ा जबलपुर के द्वारा मौजा रानीपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 40/1 में से रकवा 900 वर्गफुट भूमि पर ज्वियन्ती बाई जंगलाल राजभर विक्रय पत्र 28/5/84 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज सलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 23/10/25 - तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 9/10/25**
**पेशी दिनांक 23/10/25**

**तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**

म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनाव वर्ष 2026 में सदस्य पद हेतु आपकी
प्रथम वरीयता मत का आकांक्षी
गोपाल सिंह बघेल (अधिवक्ता)



म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
पता - हॉल नं 3 सीट नं 7 विधि भवन, म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय-निवास
कृष्णा कॉलोनी के पास राज परिसर सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)
Mob.: 9229653295, 8989141208, 7987512717

# नरवाई प्रबंधन: जागरूकता रथ से कृषकों को संदेश, जैविक खेती की ओर कदम




**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जिले के किसानों को नरवाई (फसल अवशेष) न जलाने के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष जागरूकता रथ बरगी, शाहपुरा, कुंडम और मझौली विकासखंडों में भ्रमण कर रहा है। यह रथ मधुर गीतों और सरल माध्यमों से किसानों को नरवाई जलाने के दुष्परिणामों और उससे होने वाले पर्यावरण तथा मिट्टी के नुकसान के बारे में समझा रहा है। जागरूकता रथ के माध्यम से कृषकों को यह जानकारी भी दी जा रही है कि वे फसल अवशेषों को विभिन्न लाभदायक उपयोगों में कैसे ला सकते हैं। किसानों को सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, रीपर, जीरो टिलेज जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करके खेत में शेष नरवाई के बीच ही सीधी बुवाई करने की विधि बताई जा रही है। विशेष रूप से, हैप्पी सीडर यंत्र के उपयोग से नरवाई प्रबंधन के साथ-साथ मिट्टी का स्वास्थ्य सुधरता है और उसकी उर्वरक शक्ति भी बढ़ती है, जिससे किसानों को दोहरा लाभ मिलता है।

### खुडावल में कार्यशाला: नरवाई के बहुआयामी उपयोगों पर चर्चा

इसी क्रम में, मझौली विकासखंड के ग्राम खुडावल में एक दिवसीय नरवाई प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में कृषकों ने भाग लिया। कृषि विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों ने किसानों को नरवाई न जलाने की शपथ दिलाई और इसके बहुआयामी उपयोगों के बारे में विस्तार से बताया। किसानों को बताया गया कि नरवाई का उपयोग केवल खाद बनाने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इससे सीएनजी गैस, बायोफर्टिलाइजर, पैलेट (ईंधन), पैकेजिंग मैटेरियल, मल्चिंग, और यहाँ तक कि दीपावली के इको-फ्रेंडली दिये तथा मूर्तियाँ भी बनाई जा सकती हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर कृषि अभियांत्रिकी विभाग, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, उद्यानिकी (हॉर्टिकल्चर) और मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने मिलकर किसानों को जैविक एवं टिकाऊ खेती की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद करेगी, बल्कि किसानों के लिए अतिरिक्त आय के स्रोत भी पैदा करेगी।

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स, वार्ड वॉय, आया बाई, फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो. जितेन्द्र पटैल CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556,9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट्र हॉई स्कूल मोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)

Manufacturer of t-shirts & lowers Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश कुमार श्रीवास द्वारा माँ रेवा पब्लिकेशन एन्ड प्रिंटर्स लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे विवेकानंद वार्ड एम आर 4 रोड़ जबलपुर म.प्र. 482001 से मुद्रित तथा लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे एम आर 4 रोड 21 स्वामी विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. 482001 से प्रकाशित । संपादक: अतुल कुमार बंदेवार RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965 (समस्त विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र जबलपुर) Email:- revanchaljabalpur@gmail.com मोब. 7509202320, 9406771592

# असेम्बली ऑफ जर्नलिस्ट्स यूनियन से पत्रकारों का सामूहिक इस्तीफा, 34 सदस्यो ने ली श्रमजीवी में सदस्यता

## मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का सदस्य बनना गौरव की बात- आनंद पाण्डेय



### पत्रकार गण निर्भीक, निष्पक्ष, स्वतंत्र पत्रकारिता करें- मनोज द्विवेदी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** मध्यप्रदेश की पत्रकारिता के इतिहास मे एक रोचक घटनाक्रम के तहत अनूपपुर जिले के पत्रकारों ने असेम्बली आफ जर्नलिस्ट यूनियन से सामूहिक इस्तीफा दे कर रविवार को मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई अनूपपुर की सदस्यता ले ली। रविवार की दोपहर अनूपपुर मे मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व एवं प्रदेश संगठन प्रभारी मो अली के कुशल मार्गदर्शन मे प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी , वरिष्ठ संरक्षक अरविन्द बियाणी ,संभागीय अध्यक्ष अजीत मिश्रा ,जिलाध्यक्ष राजेश पयासी और कोषाध्यक्ष आकाश नामदेव, ब्लाक अध्यक्ष अनुपम? सिंह मोनू के साथ उक्त सभी वरिष्ठ पत्रकारों की आन्तरिक बैठक मे उक्त निर्णय लिया गया। सामूहिक त्यागपत्र देने के बाद, मध्यप्रदेश के सबसे बड़े संघटन, मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया पर पूर्ण भरोसा जताते हुए वरिष्ठ पत्रकार आनंद पाण्डेय, नीरज गुप्ता, भूपेन्द्र पटेल , विजय पंडा ने सभी पत्रकार साथियों सहित सदस्यता ग्रहण किया। उन्होने इस अवसर पर कहा कि जल्द ही नए सदस्यों की संख्या 50 तक पहुँच जाएगी। हमारा लक्ष्य है कि इस संघ में 100 नए सदस्यों को जोड़ना। यह संघ हमेशा पत्रकारों के हित में कार्य किया है।पत्रकारों की समस्या का समाधान किया है। ऐसे संघ में जुड़कर हम सभी पत्रकार साथी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। श्रमजीवी पत्रकार संघ में अनूपपुर जिले से सदस्यता ग्रहण करने वाले पत्रकारों में नीरज गुप्ता, आनंद पाण्डेय, भूपेंद्र पटेल, विजय पंडा, विनोद पाण्डेय, अखंड प्रताप सिंह, महेंद्र सोनी रजनीश गौतम, भूपत नायक, कमलेश राठौर, रवि नायक, दयाशंकर पटेल, नत्थू लाल राठौर, यादवेंद्र पटेल, सचिन पटेल, चेतन गुप्ता, रवि मिश्रा, अविरल गौतम, दिनेश सिंह राजपूत, ज्ञानेंद्र, सौरभ सिंह, अरुण गुप्ता, बृजेंद्र गुप्ता, पंकज राव, राजकुमार सिंह, देवेंद्र मिश्रा, अंकित गुप्ता, ओम कुमार मिश्रा, मुन्ना पंसारे, अखिलेश सिंह, अजीत शर्मा, साबिर अली, संजीत सोनवानी व रवि त्रिपाठी शामिल रहे। इस अवसर पर पत्रकार बन्धुओं को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने कहा कि सभी पत्रकार गण जिले मे निडर होकर स्वतंत्र और बिंदास पत्रकारिता करें । समाचार लेखन, प्रकाशन, प्रसारण के दौरान आपके हर संकट मे हम आपके साथ खडे हैं। संभागीय अध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया जी के नेतृत्व मे सभी पत्रकार सुरक्षित हैं। जिलाध्यक्ष राजेश पयासी ने सभी नवागत पत्रकार बन्धुओं का सदस्यता फार्म भरवा कर संगठन मे स्वागत किया। इस दौरान आनंद पाण्डेय, नीरज गुप्ता, भूपेन्द्र पटेल,विजय पंडा सहित अन्य पत्रकारों ने पत्रकारिता के दौरान आने वाली परेशानियों से अवगत करवाया।

# कॉलोनियों में गंदगी का अंबार, सफाई व्यवस्था ठप्प, प्रबंधन की लापरवाही से श्रमिकों में आक्रोश



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** दीपावली जैसे बड़े त्योहार से ठीक पहले भी कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल जमुनाझकोतमा क्षेत्र की कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। प्रबंधन और सिविल विभाग की लापरवाही के चलते कर्मियों और उनके परिवारों को गंदगी, कीचड़, बदबू और सीपेज के बीच रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। क्षेत्रीय निवासियों ने बताया कि नगरपालिका परिषद पसान और एसईसीएल प्रबंधन की उदासीनता के कारण कॉलोनियों की हालत दिनझप्रतिदिन बदतर होती जा रही है। सूत्रों के अनुसार, एसईसीएल प्रबंधन की सुस्ती और सिविल कार्यों के टेंडर जारी न होने से सभी कॉलोनियों में मरम्मत व सफाई कार्य ठप पड़े हैं। कई वर्षों से न तो वाइट वॉशिंग हुई है और न ही नालियों की सफाई। गंदगी के कारण कॉलोनियों में रहने वाले अधिकांश परिवारों में कोई न कोई सदस्य बीमार है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन अब तक प्रबंधन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मेहनतकश श्रमिक जो अपनी मेहनत से कंपनी को आर्थिक लाभ पहुंचा रहे हैं, वही आज गंदगी और दुर्दशा के बीच जीवन व्यतीत करने को विवश हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि एसईसीएल प्रबंधन ह्लकुंभकर्णी नींदह्व में सोया हुआ है। जानकारी मिली है कि मुख्यालय से वरिष्ठ अधिकारी अक्टूबर माह में क्षेत्र का दौरा करने वाले हैं। श्रमिकों ने समाचार पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि अधिकारी कॉलोनियों का औचक निरीक्षण कर वहाँ की झाड़झझंखाड़, बजबजाती नालियाँ और रुके पड़े सिविल कार्यों की वास्तविक स्थिति स्वयं देखें। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो नाराज श्रमिक किसी भी दिन बड़े आंदोलन के लिए मजबूर हो सकते हैं।

# मोबाइल दुकान में लगी आग, लाखो का सामान जलकर खाक, आग लगने का कारण अज्ञात



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** कोतवाली क्षेत्र के कोटमा रोड में स्थित एक मोबाइल दुकान में अचानक आग लग गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने में जुटी है। मौके पर दमकल वाहन नहीं पहुंचा है। जिससे लोगों में गुस्सा है। पुलिस के अनुसार बाईपास से कोटमा मार्ग में स्थित एम के मोबाइल दुकान में अचानक रविवार तड़के आग लग गई। दुकान मालिक का घर वहीं पास में स्थित है। सुबह जब लोग टहलने निकले तो दुकान के शटर और रोशनदान से धुआं निकलता दिखाई दिया, जिसके बाद लोगों ने दुकान के मालिक को इसकी जानकारी दी। इसके बाद स्थानीय लोगों के साथ मिलकर शटर उठाकर दुकान के अंदर लगी आग को बुझाने की कोशिश की। घटना की जानकारी पुलिस की डायल 112 को भी दी। जानकारी के बाद पुलिस की 112 मौके पर पहुंची है और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने की कोशिश जारी है। लोगों के अनुसार घटना की जानकारी के लगते ही हमने दमकल वाहन को सूचना दी थी, लेकिन एक घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी फायर अमला मौके पर नहीं पहुंचा है। जिससे लोगों में काफी नाराजगी है। दुकान मालिक अनिल कुमार साहू ने बताया रविवार सुबह लगभग पांच बजे मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों ने उन्हें दुकान में लगी आग की जानकारी दी थी, जिसके बाद लोगों का साथ उन्होंने आग बुझाने की कोशिश की। एक घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मौके पर दमकल वाहन नहीं पहुंचा है।

# सूचना के अधिकार कानून की उपेक्षा से पारदर्शिता पर खतरा, जिला कांग्रेस कमेटी ने जताई चिंता

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम कुमार "गुड्डू चौहान" ने प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सूचना का अधिकार (फ्छ्क) अधिनियम 2005, भारतीय लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण कानूनों में से एक है, जिसने आम नागरिकों को शासन-प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का अधिकार प्रदान किया। लेकिन वर्तमान समय में इस अधिनियम की अनदेखी और इसके क्रियान्वयन में लापरवाही से पारदर्शिता पर गहरा संकट उत्पन्न हो गया है। कांग्रेस ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 में किए गए संशोधनों से सूचना आयोगों की स्वतंत्रता पर आघात पहुँचा है। संशोधन के बाद से सूचना आयुक्तों की नियुक्ति अवधि और वेतनमान को कार्यपालिका के नियंत्रण में रख दिया गया, जिससे आयोगों की स्वायत्तता प्रभावित हुई है। वहीं वर्ष 2023 में




प्रस्तावित डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम की धारा 44(3) ने सार्वजनिक सूचनाओं की उपलब्धता को और सीमित कर दिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह कानून जनहित के विपरीत है और सूचना तक आम नागरिकों की पहुँच को कठिन बना देगा। इसके चलते भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अक्षमता और जवाबदेही की कमी जैसी समस्याएँ और बढ़ेंगी। प्रेस वार्ता में कहा गया कि सूचना आयोग आज अपनी स्थापना के बाद से सबसे कमजोर स्थिति में है। देश के 11 राज्यों में स्वीकृत पदों के मुकाबले केवल 29% पद ही भरे हुए हैं। सितंबर 2025 तक मुख्य सूचना आयुक्त का पद रिक्त है। न्यायालय द्वारा कई बार निर्देश देने के बावजूद सरकार इस पर कार्रवाई नहीं कर रही है। गुड्डू चौहान ने कहा कि आरटीआई कानून भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है। यदि यह कमजोर होता है तो नागरिकों का शासन पर विश्वास भी कमजोर होगा। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि आरटीआई को सशक्त बनाकर जनता के अधिकारों की रक्षा की जाए ताकि भ्रष्टाचार मुक्त और जवाबदेह प्रशासन स्थापित हो सके।

# ट्रैक्टर का इंजन पलटा, दबने से चालक की हुई मौत, खेत की जुताई करने जा रहा था



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र के बेलहा गांव में खेत की जुताई करने जा रहा ट्रैक्टर इंजन नदी के पास पलट गया, इंजन के नीचे दबने से चालक की मौके पर मौत हो गई है।घटना देख स्थानीय लोगों मौके पर दौड़े और चालक को निकालने की कोशिश की गई। लेकिन जब तक उसकी मौत हो गई थी। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी जांच शुरू की है। और चार घंटे की कड़ी मेहनत के बाद शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया कि घटना बेलहा गांव में हुई है। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर चालक बीरभान सिंह पिता भगवानदास सिंह (27) निवासी बेलहा थाना गोहपारू की इस घटना में मौत हुई है। बताया गया कि बीरभान अपने खेत की जुताई करने के लिए स्वयं का ट्रैक्टर इंजन लेकर खेत जा रहा था, तभी खेत के पहले स्थित एक स्थानीय नदी के पास चालक ने ट्रैक्टर इंजन से अपना नियंत्रण खो दिया और वाहन अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरा, इंजन के नीचे दबने से चालक की मौके पर मौत हो गई। ।घटना देख स्थानीय लोग मौके पर दौड़े और इंजन में दबे चालक को निकालने की कोशिश की गई, लेकिन जब तक काफी देर हो गई थी, लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से चार घंटे की कड़ी मेहनत के बाद इंजन के नीचे दबे शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए भेजा गया है। थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि घटना की सूचना पर हम मौके पर पहुंचे थे, इंजन के नीचे चालक का शव दबा हुआ था। नदी के पास गड्ढे में ट्रैक्टर पलटा हुआ था, स्थानीय लोगों की मदद से हमने इंजन को हटवा कर शव को निकला है।मामले में मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

# जहरीली कफ सिरप कांड के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने किया विरोध प्रदर्शन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** मध्य प्रदेश में जहरीले कफ सिरप कांड में कई मासूम बच्चों की मौत हो गई जिसका जिम्मेदार प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार एवं उसके स्वास्थ्य मंत्री व लापरवाह सिरप बनाने वाली कंपनी है। सरकार की अमानवीय लापरवाही ने कई घरों के चिराग को बुझा दिया और बेगुनाह मासूम बच्चों की जान ले ली, सरकार की गैरजिम्मेदाराना रवैया के खिलाफ आम आदमी पार्टी अनूपपुर ने आज जिले के कोतमा विधानसभा क्षेत्र के कोतमा नगर में जोरदार विरोध प्रदर्शन कर, सरकार को जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा देने की मांग को बुलंद किया एवं इस लापरवाही के सभी जिम्मेदारों को कड़ी से कड़ी सजा हो इसकी मांग की गई। जहरीली सिरप से निर्दोष मासूम बच्चों के मौत पर उनके आत्मशांति के लिए कैंडल जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके आत्मशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यकारी जिला अध्यक्ष संदीप पडवार ने बताया कि मासूमों की मौत पर इस दुखद घड़ी में पीड़ित माता, पिता और परिवार के साथ आम आदमी पार्टी की पूरी टीम हर पल खड़ा है, जब तय निर्दोष मासूमों को न्याय नहीं मिल जाता तब तक हम लोग आवाज उठाते रहेंगे।अगर समय रहते हुए सरकार दोषियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही नहीं की गयी तो बहुत जल्द अपने साथियो के साथ पुरे जिले मे उग्र आंदोलन किया जायेगा जिसकी पूरी जवाबदारी प्रशासन की होंगी।

# आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है- विधायक मनीषा सिंह

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प यह एक नारा नहीं बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है यह हमारे भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश की सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आवाहन है कि हम अपने देश में बने उत्पादों को अपनाए, अपनी संस्कृति को गले लगाए, और अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करें ।हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी हमारा मंत्र है, हमारा लक्ष्य है, और हमारी शक्ति है। हमारे देश के कारीगरों, हमारे किसानों, हमारे छोटे व्यापारियों ,और हमारे उद्यमियों के प्रति एक सम्मान है। जब हम स्वदेशी अपनाते हैं तो हम अपने देश की मिट्टी से जुड़ते हैं



अपने लोगों की मेहनत को सम्मान देते हैं और अपने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हैं। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री जय सिंह नगर की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने 12 अक्टूबर 2025 को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश मंत्री जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक क्षेत्र में ही नहीं है यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है हम विदेशी वस्तुओं के पीछे भागने के बजाय अब अपनी जड़ों को पहचान रहे हैं दुनिया में योग, आयुर्वेद, हस्तशिल्प ,परंपरागत उद्योग ,यह सब आज वैश्विक पहचान बन चुका है।

# बड़ी लापरवाही, ओसीएम में समा गई चालक सहित डोजर मशीन, 2 कर्मचारी बाल- बाल बचे

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के अमलाई ओसीएम में एक बड़ी घटना सामनें आई है, जहां ओबी (ओवर वर्डन) उत्खनन कार्य में लगे एक डोजर सहित उसका ऑपरेटर गहरी खाई में समा गया। जानकारी के मुताबिक घटना शाम से 5 से 6 बजे के बीच की बताई जा रही है, बताया गया कि जिस साइड पर ओबी हटानें का कार्य कंपनी द्वारा किया जा रहा था, वहां पर्याप्त नमी थी, और कार्य के दौरान अचानक ओबी खिसकनें लगी, देखते ही देखते पूरी मशीन ऑपरेटर सहित गहरी खाई में



समां गई। बताया गया उक्त ऑपरेटर रीवा जिले का 35 वर्षीय अनिल कुशवाहा नामक व्यक्ति था जो कंपनी में पूर्व से कार्यरत था, वहीं वहा मौजूद दो कर्मचारियों नें मौके कि स्थिति को समझा और कूदकर बाहर निकलनें में कामयाब रहे जिन्हें उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद जहां ओबी हटानें के कार्य में लगी ठेका प्राप्त कंपनी आरकेटीसी के आला अधिकारी सहित स्थानीय जिम्मेदार मौके से नादारद रहे, वहीं घटना स्थल पर कंपनी का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी देनें उपलब्ध नहीं था। जानकारी सामनें आई कि आरकेटीसी कंपनी में बतौर एचआर के रुप में कार्यरत संजय यादव नामक व्यक्ति इस दौरान यहां मौजूद थे, वहीं कंपनी के जीएम थामस घटना के समय छत्तीसगढ़ में थे। स्थानीय कार्य कर रहे लोगों नें जानकारी देते हुये बताया कि कार्य के शुरूआती दौर से ही कंपनी द्वारा सुरक्षा के मानकों में बडी लापरवाही कर रही है। कंपनी में कार्य रहे लोगों के पास न ही सुरक्षा के उपकरण है और न ही कंपनी द्वारा उन्हें सुरक्षा के जरुरी उपकरण उपलब्ध कराये जा रहे।

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस- बाल विवाह, दागना कुप्रथा, भ्रूण हत्या, सामाजिक कुरीतियों से निपटने का किया जागरूक

**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन पर युवा टीम उमरिया द्वारा नेता जी सुभाषचंद्र बोस कन्या छात्रावास ग्राम पंचायत में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर बाल विवाह, दागना कुप्रथा एवं भ्रूण हत्या जैसी समाज की कुरीतियों से निपटने किशोर बालिकाओं को जागरूक करने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को उनके अधिकारों, शिक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर सशक्त बनाना है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने रंगोली बनाकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश भी दिया। इसी क्रम में उपस्थित सभी बालिकाओं को ड्रेस, पानी बोतल व अन्य उपयोगी वस्तु वितरण की गई। परियोजना अधिकारी लक्ष्मी पटेल ने क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया।जो



बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत बाल विवाह, दागना कुप्रथा भ्रूण हत्या जैसी समाज की कुरीतियों पर केंद्रितरहा। बालिकाओं से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मेहंदी प्रतियोगिता भी कराई गई। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने बालिकाओं को साइबर सुरक्षा, साइबर फ्रॉड, पास्को एक्ट, वन स्टाफ सेन्टर में मिलने वाली सुविधाओं, हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही संतुलित आहार में स्थानीय अनाज, सब्जी, फल, मुनगा,का महत्व बताया गया।इस दौरान छात्रावास से सारिका शर्मा,प्रिया सिंह,युवा हिमांशु तिवारी,राहुल सिंह, सौरभ पांडेय व सभी छात्राएं उपस्थित रही।

# पुरूष में यूपी तो महिला में भोपाल के धावक रही प्रथम, नमो मैराथन दौड़ में चार सौ से ज्यादा धावकों ने लिया हिस्सा, पांच-पांच किमी के दो राउंड में धावको ने पूरी की दौड़

## भाजपा अध्यक्ष बोले स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के संदेश को पहुंचना मकसद








**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** 11 अक्टूबर शनिवार को, जिले में भाजपा और युवा मोर्चा ने नमो मैराथन दौड़ का आयोजन किया। 10 किलोमीटर की इस मैराथन में पुरूष और महिला वर्ग की 488 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें पुरूष वर्ग में उत्तप्रदेश के सतीश कुमार वर्मा प्रथम, भोपाल के धीरज यादव द्वितीय और नागपुर के राजन यादव तृतीय रहे।

जिन्हें क्रमश: 11 हजार, 51 सौ, 31 सौ रूपए की न नगद राशि और नमो मैराथन का मोमेंटो प्रदान किया गया। जबकि महिला वर्ग में भोपाल की मनीषा प्रथम बालाघाट की पायल लिल्हारे द्वितीय और खैरलांजी की जानवी लिल्हारे तृतीय रही। जिन्हें 71 सौ, 41 सौ और 21 सौ रूपए की राशि सहित मोमेंटा प्रदान किया गया। जबकि अन्य 10 प्रतिभागियों को ड्रा के आधार पर सांत्वना पुरस्कार दिया गया। यह सभी पुरस्कार सांसद भारती पारधी, आयोग सदस्य मौसम हरिनखेड़े, नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, पूर्व अध्यक्ष रमेश रंगलानी और सत्यनारायण अग्रवाल सहित अन्य अतिथियो के हस्ते प्रदान किए गए।



भाजपा अध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने बताया कि प्रधानमंत्री के आव्हान पर स्वदेशी भाव के संदेश के साथ बालाघट में नमो मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें 488 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इसके साथ ही भाजपा ने विभिन्न संगठनों और सामाजिक लोगो के साथ मिलकर स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत संकल्प यात्रा भी निकाली।

आपको बताते चले कि नगरीय क्षेत्र में 5-5 किलोमीटर के दो राउंड प्रतिभागियों को पूरा करना था। मैराथन दौड़ स्टार्ट पाईंट हनुमान चौक से प्रारंभ हुई मैराथन दौड़, नगर के सुभाष चौक, काली पुतली चौक, जयस्तंभ चौक, सिविल लाइन चौक, एलआईसी चौक, डॉ. अंबेडकर चौक से पुन: स्टाई पाईंट हनुमान चौक के दो चक्कर में पूर्ण हुई। इस दौरान नगर अध्यक्ष राकेश सेवईवार, युवा मोर्चा कार्यकर्ता विशाल मंगलानी, मोनिल जैन सहित भाजपा पार्षद, विभिन्न संगठन प्रतिनिधि और धावक मौजूद रहे।

कफ सिरप की जांच के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता



# आशा कार्यकर्ता और एएनएम द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा सर्वे



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** छिंदवाड़ा एवं बैतूल जिले में कफ सिरप के उपयोग से बच्चों की मौत होने पर बालाघाट जिले में सतर्कता और सावधानी बरती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल स्टोर्स एवं दवा विक्रेता प्रतिष्ठानों की जांच कर श्रीसन कंपनी के कफ सिरप एवं दवाओं को सीज कर दिया गया है । इसके पश्चात महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से घर-घर जाकर छोटे बच्चों वाले परिवारों का सर्वे अभियान प्रारंभ किया गया है और इस अभियान में बच्चों के परिजनों से कफ सिरप के उपयोग की जानकारी एकत्र की जा रही है। संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास जबलपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के प्रतिपालन में बालाघाट जिले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम द्वारा घर-घर जाकर कफ सिरप के उपयोग की जानकारी एकत्र की जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया ने जिले के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस सर्वे अभियान में घर घर जाकर 0 से 05 वर्ष तक के बच्चे वाले घरों में जाकर बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सिरप पिलाया गया है या नहीं इसकी जानकारी करें और कफ सिरप लेने वाले बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी लें। सर्वे के दौरान बच्चों को दिए गए कफ सिरप की बाटल भी देखने कहा गया है। सर्वे कार्य पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए गए हैं।

# ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव हेतु साइबर जागरूकता कार्यशाला का ग्राम पंचायत जरेरा में हुआ आयोजन

## जिले में लगातार चलाया जा रहा है साईबर सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** संपूर्ण देश भर में वर्तमान समय में अनेक प्रकार से भोली भाली जनता को ठगो द्वारा ठगा जा रहा है। भोली-भाली जनता ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार हो रही है। साइबर अपराध हो रहे हैं जिसके चलते जनता को अपनी मेहनत की कमाई गवानी पड़ रही है। वैसे ही जिले में भी लगातार फ्रॉड की घटनाएं सामने आती रहती है और पूरे जिले में भी इस प्रकार की ठगी के अनेक मामले सामने आए हैं।

इन्हीं मामलों में जनता को जागरूक करने के उद्येश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा पूरे मध्यप्रदेश में साइबर सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा के निर्देशन में बालाघाट साइबर टीम द्वारा 12 अक्टूबर को भरवेली थाने की ग्राम पंचायत में साइबर सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन मरार माली समाज बालाघाट के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमे उपस्थित ग्रामीण पुरुष, महिलाएं एंव बच्चीयों को ऑनलाइन ठगी, ओटीपी सहित डिजिटल फ्राड 1930 की जानकारी सहित साइबर अपराध के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की गई।

उक्त साइबर अपराध के बारे में मेघा तिवारी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में जिस प्रकार डिजिटलतरीके से अपराध हो रहे हैं उन खतरों से बचाना तथा इंटरनेट पर सुरक्षित रहने के बारे में लोगों को शिक्षित करने का एक सामूहिक प्रयास भी है। वहीं बताया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति से अपना पासवर्ड, आधार कार्ड इत्यादि शेयर ना करें साथ ही मोबाइल पर आई हुई अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, अनजान लोगों से वीडियो कॉल ना करें। पुलिस आपकी सुरक्षा में है संपूर्ण मध्यप्रदेश की तरह बालाघाट जिले में भी साइबर सेल है कोशिश करना है इस प्रकार की घटना ना घटे अगर घट भी जाती है तो तुरंत साइबर सेल से संपर्क कर सावधानी बरते। सावधानी ही सुरक्षा है।

पुलिस द्वारा इस प्रकार की घटना से बचने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। आप लोगों को भी लोगों के बीच जाकर जन जागरूकता अभियान चलाना पड़ेगा जिसके चलते इस प्रकार की घटना ना घटे और लोग ऑनलाइन ठगी के शिकार ना हो। इस दौरान सोनेलाल वरकड़े पूर्व सरपंच, मनोहर सिंह पन्द्रे, शिवप्रसाद ओगारे, अनुज कुलेश, दामिनी उइके सूर्यकला सौलसे सिस्टर मारियारोष संस्था प्रमुख आशा निवास सहित ग्रामीण महिलाएं एंव पुरुषों के साथ बच्चीयां उपस्थित रही।

# खिड़कीघाट के खतरनाक मोड पर पलटा ट्रक, क्लिनर की मौत, सिवनी से मक्का लेकर इथेनॉल प्लांट आ रहा था वाहन

### अस्पताल के रास्ते में तोड़ा दम, कुरई के बहेरिया का रहने वाला है मृतक





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कटंगी क्षेत्र के खतरनाक खिड़कीघाट में शनिवार को ट्रक पलटने के हुए हादसे में सिवनी जिले के कुरई अंतर्गत बहेरिया निवासी राजकुमार पिता धनीराम धुर्वे (30) की मौत हो गई। जबकि ट्रक का चालक दीपक रजक, सुरक्षित है। उसे मामुली चोटें आई है, लेकिन, वह जिस तरीके से ट्रक में फंसा था, उससे उसके भी गंभीर होने की संभावना जताई जा रही थी।

11 अक्टूबर को सुबह तकरीबन 11-12 बजे के बीच हुए, इस हादसे में अन्य ट्रक वाहन के चालक और परिचालक ने घायल को पहले कटंगी अस्पताल लाया। जहां से उसे रिफर पर जिला अस्पताल लाया जा रहा था कि रास्ते में क्लिनर राजकुमार ने दम तोड़ दिया। घटना की तहरीर के बाद अस्पताल चौकी पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा कार्यवाही की। शव का पीएम कराया जा रहा है।

बताया जाता है कि चालक दीपक रजक और क्लिनर राजकुमार, सिवनी से, कटंगी क्षेत्र में संचालित इथेनॉल प्लांट में मक्का लेकर आ रहे थे। इस दौरान खिड़कीघाट में उनका वाहन खतरनाक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। चालक दीपक को बाल-बाल बच गया लेकिन क्लिनर राजकुमार के उछलकर जमीन पर गिने के कारण, उसकी मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस ने बताया कि अस्पताल तहरीर पर शव बरामद कर पंचनामा कार्यवाही की गई है। शव का पीएम कराया जा रहा है। जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मामले में मर्ग डायरी संबंधित थाना क्षेत्र को भेजी जाएगी। जिसमें अग्रिम जांच थाना पुलिस करेगी।

# कंजई मे क्षत्रीय पवार समाज ने मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव



**दैनिक रेवांचल टाइम्स लालबर्रा।** शनिवार को श्रीं राजा भोज क्षत्रिय पवार संगठन ग्राम समिति कंज्ई के तत्वाधान में शरद महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया।

समिति के अध्यक्ष लोकेश बिसेन ने बताया कि कार्यक्रम माँ गढकाली, रामचंद्र भगवान, राजा भोज की प्रतिमा पूजा अर्चना कर पधारे स्वजातीय बंधुओं का समिति के सदस्यों द्वारा फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया गया द्य कार्यक्रम में उपस्थित स्वजातीय बंधुओं, बालकृष्ण बिसेन, सुदर्शन बिसेन, भागवत राहागडाले, शिवलाल तुरंकर, धनलाल शरणागत, भूपेस्वर बिसेन, राजू गौतम, सोहन राहगडाले, कपूर चद प टले, सारजा बाई पटले, श्रीमती हूलकन बिसेन अनेक स्वजातीय बंधुओं उपस्थित थे।

# उप संचालक कृषि ने ग्राम ढूटी में प्राकृतिक खेती का निरीक्षण किया



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत बालाघाट विकासखंड के ग्राम ढूटी को क्लस्टर ग्राम के रूप में चयनित किया गया है। इस ग्राम में कृषि सखी दीदी द्वारा अपने खेतों में जैविक खाद एवं कीटनाशकों का उपयोग कर प्राकृतिक खेती की गई है और धान की फसल लगाई गई है। उप संचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने 12 अक्टूबर को ग्राम ढूटी पहुंचकर धान की प्राकृतिक खेती का निरीक्षण किया और किसानों से चर्चा की। इस दौरान कृषि सखी दीदी ने बताया कि उनके द्वारा धान की फसल में यूरिया, डीएपी एवं अन्य रासायनिक खाद खाद का उपयोग नहीं किया गया है। उसके स्थान पर गोबर एवं अन्य प्राकृतिक खाद का उपयोग किया गया है। जिससे उनके खेत की धान की फसल बहुत अच्छी है और उसमें कीट व्याधि और बीमारी आदि का प्रकोप नहीं है। कृषि सखी दीदी के खेत में लगी फसल से गांव के अन्य किसानों को भी प्राकृतिक खेती करने की प्रेरणा मिली है।



# जीएसटी रिफार्म के बाद पहली कार्यवाही, बिना जीएसटी माल के ट्रांसपोर्ट 11 वाहनों से 11 लाख की टेक्स रिकवरी

### बालाघाट के व्यापारियों का था सामान




**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** बालाघाट में सामग्री लेकर आ रहे और बालाघाट से सामग्री लेकर जा रहे सामानों से भरे, जिन 11 वाहनों को, बिना जीएसटी चुकाए, माल का परिवहन करने के मामले में विभाग ने पकड़ा था। उन 11 वाहनों से 11 लाख 29 हजार 632 रूपए की टेक्स रिकवरी जीएसटी विभाग ने की है। खास बात यह है कि सरकार के 22 सितंबर से जीएसटी रिफार्म के बाद, यह पहली कार्यवाही है।

शनिवार तक चली इस कार्यवाही में जीएसटी विभाग के अफसर डी.एल. पटले ने बताया कि जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर सरिता सिरसाम के साथ विभागीय टीम ने 11 वाहनों को बिना जीएसटी (वस्तु एवं सेवाकर) के माल परिवहन करते हुए पकड़ा था। जिसमें पांच वाहन, बालाघाट सामान लेकर आ रहे थे। जबकि 6 वाहनों से बालाघाट से सामान बाहर जा रहा था।

इन वाहनो से तंबाकू, वारमर, पैकिंग आरओ, खड्डा, महुआ, सीमेंट, परचुन और स्क्रैप का परिवहन किया जा रहा था। विगत तीन दिनों तक चली इस कार्यवाही में वाहनों के सामान में लगने वाले जीएसटी की जांच की गई। जिसमें बिना जीएसटी के माल का परिवहन होना पाए जाने पर उन्हें जब्त किया गया था। जिसमें विभागीय कार्यवाही उपरांत, उनमें पेनाल्टी लगाकर 11 लाख 29 हजार 632 रूपए वसुला गया है। जिसमें तंबाकु के चार वाहनों से 8 लाख 93 हजार 458 रूपए, पैकिंग आरओ से एक लाख 21 हजार 600 रूपए, पेनाल्टी वसुली गई। जबकि शेष राशि खड्डो, महुआ, परचुन सीमेंट के वाहनों से वसुली गई है।आपको बताते चले कि 6 अक्टूबर से तीन दिनों तक वाहनों की जांच में जीएसटी विभाग ने 11 वाहन बरामद कर उन्हें गर्रा हाइवे चौकी, भरवेली, कटंगी, किरनापुर नवेगांव थाने में खड़ा कराया था। जिसमें परिवहन माल पर जीएसटी नहीं चुकाए जाने पर जीएसटी आयुक्त के निर्देश पर पेनाल्टी कार्यवाही की गई।

# सांसद श्रीमती भारती पारधी का दौरा कार्यक्रम

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी 13 अक्टूबर को प्रात: 09 बालाघाट से सिवनी के लिए प्रस्थान करेंगी और पी जी कालेज सिवनी के आडिटोरियम हाल में प्रात: 11 बजे वन नेशन वन इलेक्शन छात्र सम्मेलन में शामिल होंगी। सांसद श्रीमती पारधी आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत दोपहर 01 बजे जिला भाजपा कार्यालय सिवनी में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगी और अपराह्न 03 बजे बरघाट में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगी। इसके पश्चात वे सांय 4.30 बजे बरघाट से बालाघाट के लिए प्रस्थान करेंगी।